भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 68 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

29 अगस्त 2024 गुरुवार

आज का मौसम

30 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## सरकारी कर्मचारियों की निगाहें मसौदे पर...

# अब मप्र में यूपीएस की कवायद, दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मिले यादव



नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो। मप्र सरकार भी महाराष्ट्र के बाद अब केंद्र द्वारा लाई गई नयी पेंशन स्कीम यूपीएस को लागू करने की कवायद में जुटी है। दिल्ली में आज सीएम मोहन यादव की केद्रूीय मंत्रियों से मुलाकातें अन्य योजनाओं के अलावा इस दिशा में भी विचार विमर्श का कदमताल मानी जा रही हैं। मुख्यमंत्री मप्र में बीते कई दिनों की व्यस्तताओं के बाद आज दिल्ली में सक्रिय हैं। माना जा रहा है कि वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व जेपी नड्डा से भी मिल सकते हैं। उन्होंने दो अन्य मंत्री एआर पाटिल व प्रहलाद जोशी से भी मुलाकात की है। माना जाता है कि यादव ने मप्र से संबंधित विभागीय व अंतर्राज्यीय परियोजनाओं पर केंद्रीय मंत्रियों से बात की है।

### कंगना पर सख्त भाजपा, नड्डा से मिली




भाजपा हाइकमान ने हिमाचल प्रदेश से अपनी सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट को बयानों को लेकर हिदायतें दी हैं। किसान आंदोलन के अलावा कल उन्होंने जतीय गणना पर भी टिप्पणी कर इसका विरोध किया है। आज सुबह पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कंगना से करीब आधे घंटे तक बात की। किसान आंदोलन पर कंगना के विवादित बयान के बाद भाजपा के किसी बड़े नेता से कंगना की यह पहली मुलाकात थी। दरअसल कंगना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि किसान आंदोलन के दौरान प्रोटेस्ट के नाम पर रेप और मर्डर हुए। अगर सरकार मजबूत ना होती तो पंजाब बांग्लादेश हो जाता। इस बयान का विरोध होने पर भाजपा ने कहा था, कि कंगना को पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बोलने की इजाजत नहीं हैं।

### राहुल पर बदली स्मृति की राय



इधर भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की राजनीतिक सोच अब थोड़ी बदली नजर आ रही है। दरअसल एक पॉडकास्ट में जब स्मृति से राहुल गांधी के बारे में पूछा गया तो उनकी टिप्पणी की हमेशा से इस बार अलग थी। वह राहुल पर आक्रामक होने के बजाय कूटनीतिक टिप्पणी देती नजर आई और कहा- 'नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की राजनीति बदल गई है। वह अलग तरह की राजनीति कर रहे हैं। आपको अच्छा लगे या नहीं, लेकिन वह अलग हैं। उन्होंने सफलता हासिल की है। राहुल की टीशर्ट पर स्मृति ने कहा' वह संसद में टीशर्ट पहनकर आते हैं और उस सफेद टीशर्ट से वह युवा वर्ग को संदेश देना चाहते हैं।

### जलने-जलाने की बात, ममता पर हमलावर तीन मुख्यमंत्री



बंगाल में सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा को कल क्या घसरा, पार्टी शासित तीन राज्यों के मुख्यमंत्री उन पर आज हमलावर हैं। दरअसल ममता ने भाजपा के बुलाए 'बंगाल बंद' पर कहा कि बीजेपी बंगाल में जो आग लगाना चाहती है, वह दूर तक फैलेगी। ममता ने कहा, 'अगर बंगाल को जलाया तो असम, नॉर्थ-ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे, हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे।' ममता ने रेप मामलों में 'मौत की सजा' सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा के जरिए एक कानून लाने की भी कसम खाई वहीं ममता के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए एंटी-रेप कानून के लिए संसद में एक निजी सदस्य विधेयक पेश करने का वादा किया। मणिपुर सीएम बीरेन सिंह ने अब कहा है? दीदी ने पूर्वोत्तर को धमकाने की हिम्मत कैसे की? ओडिशा के सीएम मोहनचरण माझी ने कहा, 'आपको किसने अधिकार दिया, ओडिशा के बारे में ऐसे आपत्तिजनक बयान देने का। वहीं असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने पोस्ट में लिखा, 'दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें लाल आंखें मत दिखाइए।

# गुजरात में बिगड़े हालात

## पीएम ने फोन पर सीएम से की बात



**वडोदरा, एजेंसी।** गुजरात में भारी बारिश और आधा दर्जन जिलों में बाढ़ से 25 और लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में मरने वाले लोगों की कुल संख्या अब बढ़कर 35 हो गई है। गुजरात में भारी बारिश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में सीएम भूपेंद्र पटेल से बात की थी। इसमें उन्होंने राज्य को हरसंभव मदद का भरोसा दिया था। बाढ़ से प्रभावित वडोदरा में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सेना के चार कॉलम की अतरिक्त तैनाती के निर्देश दिए हैं तो वहीं आईएमडी के सौराष्ट्र में आने वाले 12 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

### छत पर टहल रहे मगरमच्छ

**वडोदरा के अकोटा क्षेत्र में पानी इस कदर भर गया कि एक घर की छत पर यहां मगरमच्छ देखा गया। अहमदाबाद में भी एक मगरमच्छ रिहाइशी इलाके में घूमता हुआ दिखा, बाद में इसे लोगों ने पकड़कर रस्सियों से बांधा।**

### मप्र में सितंबर की शुरूआत झमाझम से..

इधर मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन सितंबर की शुरुआत तेज बारिश के साथ होगी। अब तक 33.6 इंच बारिश हो चुकी है। यह मानसून सीजन की 90 प्रतिशत है। मंडला और सिवनी ऐसे जिले हैं, जहां 45 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। दतिया, रीवा, धार, मुरैना और इंदौर में सबसे कम बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि आज से बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हो रहा है। लो प्रेशर एरिया भी कल तक से एक्टिव होगा। इसका प्रभाव 2 दिन बाद देखने को मिलेगा। 3 से 4 सितंबर तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है।

## राज्यसभा में बहुमत से विधेयकों की राह आसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

करीब दस साल की मशक्कत के बाद आखिर भाजपा एनडीए ने राज्यसभा में भी बहुमत का आंकड़ा छू लिया। हाल में बारह सीटों पर चुनाव में एनडीए ने 11 और कांग्रेस ने एक सीट पर कब्जा किया अब राज्यसभा में अहम विधेयकों को पारित कराने के लिए भाजपा को दूसरी पार्टियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा एनडीए को राज्यसभा में स्पष्ट बहुमत मिलने से सरकार को वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे प्रमुख कानूनों पर मुहर लगवाने में सफलता मिल जाएगी। भाजपा सदस्यों की संख्या 96 हो गई है। वहीं, कांग्रेस के सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 27 हो गई है. उसके सहयोगियों के पास 58 और सदस्य हैं, जिससे विपक्षी गठबंधन की संख्या 85 हो जाती है। हाल ही में बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, और बॉयलर्स विधेयक, पेश किया गया था। दोनों पर अभी उच्च सदन से मुहर लगना बाकी है।



## 35 गांवों में आदमखोर भेड़ियों का बढ़ा आतंक, चार को दबोचा

**बहराइच, एजेंसी।**



उत्तर प्रदेश के बहराइच में आदमखोर भेड़ियों ने 35 गांवों में खौफ का माहौल बना दिया है, लोग रात रातभर जाग रहे हैं। वन विभाग भी लोगों को सुरक्षित रहने के बारे में भी बता रहा है। वन विभाग का कहना है कि इलाके में छह भेड़ियों का एक झुंड है, जो लोगों को नुकसान पहुंचा रहा है। इनमें से आज एक और भेड़ियें को पकड़ लिया गया है, अब तक चार भेड़ियें पकड़ में आ चुके हैं और दो की तलाश जारी है। बहराइच में इन आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए 25 टीमें लगी हुई हैं। वहीं इन आदमखोरों ने अपना दायरा जिले के अन्य क्षेत्रों तक बढ़ा लिया है। इन गांवों में भेड़ियों की वजह से डर का ऐसा माहौल बना है कि लोग रात-रातभर जागकर गांव का पहरा दे रहे हैं अपने बच्चों और परिवार को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें अंधेरा होने के बाद घर के बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। जब तक वन विभाग की टीम पहुंचती है भेडिये गन्ने के खेतों में भाग जाते हैं।

## सुप्रीम नसीहत: पॉक्सो की विक्टिम को बार-बार कोर्ट न बुलाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पॉक्सो ऐक्ट के तहत सेक्सुअल ऑफेंस की विक्टिम को बयान के लिए बार-बार कोर्ट नहीं बुलाया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा है कि इस ऐक्ट का उद्देश्य इससे प्रभावित होगा। जो बच्चा सेक्सुअल ऑफेंस जैसी घटना के ट्रॉमा से गुजरा है उसे बार-बार उसी घटना के बारे में बयान के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें आरोपी ने पॉक्सो एक्ट की विक्टिम को जिरह के लिए कोर्ट में बुलाए जाने की गुहार लगाई थी।



### 'इससे एक्ट का उद्देश्य प्रभावित होता है'

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धुलिया की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि एक बार आरोपी (बचाव पक्ष) को विक्टिम से जिरह के लिए पर्याप्त मौका दिया जा चुका है। मौजूदा मामले में विक्टिम के साथ काफी लंबी जिरह की जा चुकी है और यह जिरह दो बार हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट की धारा-33 (5) के मुताबिक स्पेशल कोर्ट की ड्यूटी है कि वह इस बात को सुनिश्चित करे कि चाइल्ड विक्टिम को कोर्ट के लिए बार-बार ना बुलाया जाए।

## अब ऑनलाइन पासपोर्ट सेवा बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

ऑनलाइन पासपोर्ट पोर्टल पर अब अगले पांच दिनों तक कोई काम नहीं होगा। इस दौरान जारी किए गए सभी अपॉइंटमेंट फिर से शेड्यूल किए जाएंगे। सरकार ने कहा कि पासपोर्ट आवेदनों के लिए ऑनलाइन पोर्टल रखरखाव प्रकिया की वजह से अगले पांच दिनों के लिए बंद रहेगा। इसके साथ ही पहले से बुक किया गया अपॉइंटमेंट फिर से शेड्यूल किया जाएगा। एक नोट में कहा गया, 'पासपोर्ट सेवा पोर्टल आज 29 अगस्त रात आठ बजे से 2 सितंबर, सोमवार सुबह छह बजे तक तकनीकी रखरखाव के लिए बंद रहेगा। जब नए सिरे से पुराने अपाइंटमेंट तय किये जायेंगे तो इसकी सूचना आवेदकों को समय से पहले ही दे दी जाएगी।' विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह एक आम और नियमित प्रक्रिया है।



### मध्यप्रदेश में सरकारी ई आफिस भी बंद, सेवा ठप

मप्र के सभी विभागों की 200 से ज्यादा शाखाओं में इस्तेमाल हो रहे ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने के लिए 5 दिन का शटडाउन लिया गया है। इससे एनआईसी से जुड़ी हर वेबसाइट में सर्वर डाउन हैं। आरटीओ दफ्तरों में फीस जमा करने, एम्स में पर्ची कटने, पुलिस वेरिफिकेशन, आधार सेंटर्स से जुड़े काम और स्मार्ट सिटी का ई-ऑफिस समेत अन्य विभागों में काम अटक गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर्स को सूचना देकर वैकल्पिक इंतजाम करने को कहा है।

## अब मप्र के स्कूलों में जयहिंद सर-मैडम बोलना होगा:शाह

**रतलाम, एजेंसी।**



मध्यप्रदेश के स्कूलों में अब बच्चे यस सर या यस मैडम नहीं बोलेंगे। बल्कि मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के अनुसार, उपस्थिति के दौरान बच्चे हाथ खड़ा करते हुए जय हिंद सर या जय हिंद मैडम बोलेंगे। मंत्री का मानना है कि इससे बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी। जिले का प्रभार मिलने के बाद पहली बार रतलाम आए विजय शाह ने सर्किट हाउस व रंगोली सभागृह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

## कश्मीर में तीन आतंकी ढेर, दो मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर, एजेंसी।**



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने आज तीन आतंकियों को मार गिराया है। इनमें दो माछिल और एक तंगधार में मारा गया। अभी मारे गए आतंकियों के शव बरामद नहीं हुए हैं। सेना ने बताया कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई। इसके बाद यहां सेना और पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों जगह अभी भी सर्चिंग जारी है। तीसरा सर्च ऑपरेशन राजौरी में चल रहा है। यहां बुधवार को 2 से तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। दूसरी तरफ, राजौरी में भी सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। यहां 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। राजौरी में बुधवार (28 अगस्त) को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

### मेट्रो एंकर

### एनसीआरबी की चौंकाने वाली रिपोर्ट

# देश में जनसंख्या वृद्धि दर से ज्यादा छात्र आत्महत्या की दर! मप्र टॉप 3 राज्यों में

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों की दर से तो अधिक है ही, अब यह जनसंख्या वृद्धि दर को पार कर गई है। इसमें भी तीन राज्यों में हालात चिंताजनक हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर 'छात्र आत्महत्या भारत में फैलती महामारी' रिपोर्ट वार्षिक आईसी-3 सम्मेलन में जारी की गई। आईसी3 संस्थान एक स्वयंसेवी आधारित संगठन है, जो दुनिया भर के उच्च विद्यालयों को उनके प्रशासकों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण संसाधनों के माध्यम से सहायता प्रदान करता है ताकि मजबूत करियर और कॉलेज परामर्श विभागों की स्थापना और रखरखाव में मदद मिल सके।

इस रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्यप्रदेश वो राज्य हैं, जहां छात्र सबसे ज्यादा आत्महत्या करते हैं। यहां जितने छात्र आत्महत्या करते हैं वह देश में होने वाली कुल आत्महत्याओं का एक तिहाई है, जबकि अपने उच्च शैक्षणिक वातावरण के लिए जाना जाने वाला राजस्थान 10वें स्थान पर है, जो कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़े गहन दबाव को दर्शाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं छात्र आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि छात्र आत्महत्या के मामलों की कम रिपोर्टिंग होने की संभावना है। पिछले दशक में 0-24 वर्ष की आयु के बच्चों की जनसंख्या 58.2 करोड़ से घटकर 58.1 करोड़ हो गई, जबकि छात्र आत्महत्याओं की संख्या 6,654 से बढ़कर 13,044 हो गई। आईसी3 इंस्टीट्यूट की ओर से संकलित रिपोर्ट में बताया गया, 2022 में कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की। 2021 और 2022 के बीच, छात्रों की आत्महत्या में छह प्रतिशत की कमी आई जबकि छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई।



### छात्राओं में 61प्रतिशत बढ़ी घटनाएं

*इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशक में छात्र आत्महत्याओं में 50 और छात्राओं में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले पांच वर्षों में दोनों में औसतन 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। एनसीआरबी के आंकड़े पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) पर आधारित है। हालांकि, यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि छात्रों की आत्महत्या की वास्तविक संख्या संभवतः कम रिपोर्ट की गई है। इस कम रिपोर्टिंग के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं, जिसमें आत्महत्या से जुड़ा सामाजिक कलंक और भारतीय दंड संहिता की धारा 309 के तहत आत्महत्या के प्रयास और सहायता प्राप्त आत्महत्या का अपराधीकरण शामिल है।*

### बीयू में 3 दिवसीय प्रवेश उत्सव समारोह शुरु

# कठिन परिश्रम से ही मिलती है सफलता, कोई शॉटकट नहीं: राज्य मंत्री गौर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ज्ञान विज्ञान भवन में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर द्वारा किया गया। मंच पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर एस.के. जैन, कुलसचिव आई.के. मंसूरी जी, और विवेक शर्मा भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना था। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि युवा हमारे देश का वर्तमान हैं। एक बात सदैव याद रखें कि कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है, जीवन में सफलता का कोई शॉटकट नहीं होता। एक अभिभावक के रूप में विश्वविद्यालय के एक-एक बच्चे को विश्वास दिलाना है, भरोसा देना है जिससे वह स्वतंत्रता के साथ यहां रहकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सके।

राज्य मंत्री गौर ने कहा कि प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने पूरे मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय में इस प्रकार के दीक्षा समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य है कि हमारे नव प्रवेशित विद्यार्थियों को इस नए वातावरण में अपने आप को समाहित करने का अवसर मिले। विद्यार्थी को एक सकारात्मक वातावरण मिले, जिससे विद्यार्थी जो अपने सपने को लेकर वह यहां आए हैं उसे पूरा कर सके। विश्वविद्यालय परिवार के साथ समन्वय बैठा कर अपने सपने को साकार कर सके। कार्यक्रम में 700 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक गण उपस्थित थे।

### एक उत्कृष्ट एकेडमिक वातावरण करेंगे प्रदान

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर एस.के. जैन ने सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के परिसर में शामिल होने का आह्वान किया और उन्हें एक उत्कृष्ट एकेडमिक वातावरण प्रदान करने का आश्वासन देते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की अकादमिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, और शोध अनुसंधान गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता हेतु अनुरोध किया और उन्हें विश्वविद्यालय के परिवार में सम्मिलित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

### 80,986 विद्यार्थियों ने लिया इस साल प्रवेश

अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिये वर्तमान में जूनियर,सीनियर (उत्कृष्ट छात्रावास) महाविद्यालयीन और ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। प्रदेश में जूनियर छात्रावास 256, सीनियर छात्रावास 633, महाविद्यालयीन छात्रावास 108 और ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय छात्रावास 10, इस प्रकार कुल 1 हजार 933 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा हैं। इन छात्रावासों में बालक छात्रावास में 51 हजार 146 और बालिका छात्रावास में 49 हजार 6, इस प्रकार कुल एक लाख 152 छात्र-छात्राओं के लिये सीट उपलब्ध हैं। योजनान्तर्गत शाकसीय संस्थाओं में स्वीकृत सीट एक लाख 152 के विरूद्ध 80 हजार 986 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। राज्य के 29 अनुसूचित जाति बाहुल्य जिलों में एक बालक तथा एक बालिका, कुल 58 जिला स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास संचालित हैं। इसके अलावा 37 जिलों के विकासखंड मुख्यालयों में बालक एवं बालिका वर्ग के 271 विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास संचालित हैं।



**सड़कों पर गाय..**

भोपाल के रेत घाट, कमला पार्क, भानपुर और छोला मंदिर रोड पर नगर निगम की लापरवाही के चलते सड़कों पर गाय बैठी रहती है, जिसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा जाती है और लोगों को दुर्घटना का शिकार होने का डर बना रहता है।

### सोशल मीडिया पर डाले जाएंगे बड़े बकायेदारों के नाम

# बड़े बकायेदारों से वसूली का नया तरीका निकला बिजली कंपनी ने

### पूर्व में फ्लैक्स के जरिए सार्वजनिक किए थे नाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बड़े बकायदाओं के साथ नोटिस नोटिस खेलने वाली बिजली कंपनियों ने अब वसूली का नया तरीका निकाला है। कंपनियों ने तय किया है की बड़े बकायेदारों के नाम, पते और उन पर बकाया राशि की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली जाएगी। कंपनियों का मानना है कि ऐसा करने से बड़े बकायेदार हिचकेंगे और बकाया राशि जमा करेंगे। सबसे पहले यह प्रयोग मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी करने जा रही है, दो अन्य वितरण कंपनियों ने भी इसी तरह का निर्णय लिया है।

असल में बड़े बकायदारों से बिजली कंपनियां परेशान है। इनके पास बिजली कंपनियों का करोड़ रूपया बकाया होने से आम उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं पर विपरीत असर पड़ रहा है। जैसे वसूली में देरी होने या बकाया नहीं मिलने के कारण कई बार कंपनियां जले हुए ट्रांसफार्मर समेत अन्य उपकरण समय पर ठीक नहीं कर पाती है, जिसकी वजह से आम उपभोक्ताओं को उपकरण खराब होने पर लंबे समय तक बिना बिजली के रहना पड़ता है। यही नहीं, कई बार बिजली कंपनियां बकाया राशि को घाटे में दर्शाकर बिजली की दरें बढ़ा देती है, जिसका सीधा आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है।



### व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पर डाली जाएगी बकायेदारों की सूची

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक ऐसे बकायादारों के नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी वॉट्सऐप, फेसबुक, एक्स एवं इन्स्टाग्राम प्लेटफार्म पर पोस्ट करेगी। कंपनी के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के तहत आने वाले 16 जिलों के बड़े बिजली बकायादारों के नाम इसी तरह सार्वजनिक किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक बकायादार उपभोक्ताओं का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जा रहा है, जिसमें उनकी सूची भेजी जाएगी, ताकि सभी को पता चल सके कि उनके आसपास कितने बकायादार हैं। विगत दिनों कंपनी द्वारा ग्वालियर क्षेत्र के कुछ बकायेदारों की सूची को सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक की गई थी। अनेक उपभोक्ताओं ने इस कार्यवाही के चलते अपनी बकाया राशि कंपनी में जमा कराई थी। इसी तरह पूर्व के वर्षों में भोपाल शहर के बकायेदारों के नाम भी बड़े फ्लैक्स टांगकर सार्वजनिक किए थे।

## अयोध्या के लिए स्पेशन ट्रेन का पड़ाव भोपाल और बीना बनेगा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेल्वे ने यात्री यातायात क्लियर करने के लिए आज से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अयोध्या केंट के मध्य एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल, बीना स्टेशन पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी। अधिकारियों के अनुसार ट्रेन 01019 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अयोध्या केंट स्पेशल ट्रेन 29 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 10.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 1.05 बजे इटारसी, चार बजे भोपाल, 7.18 बजे बीना पहुंच कर मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए, तीसरे दिन सुबह 9.30 बजे अयोध्या केंट स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 01020 अयोध्या केंट-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 31 अगस्त को अयोध्या केंट जंक्शन स्टेशन से रात 11.40 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 1.20 बजे बीना, 4.10 बजे भोपाल, 6.10 बजे इटारसी पहुंच कर मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 8.15 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

## एलवीएस की पांच छात्राओं को स्वर्ण पदक



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय की छात्राओं ने 'इंटर स्कूल कराते चैम्पियनशिप' में पांच छात्राओं ने स्वर्ण पदक, छह ने रजत एवं नौ छात्राओं ने कांस्य पदक जीता। इंटर स्कूल कराते चैम्पियनशिप का आयोजन श्री अरबिंदो स्कूल तुलसी नगर में किया गया था, जिसमें भोपाल के 9 विद्यालयों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया था। प्रतिस्पर्धा में एल.वी.एस. स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की अंडर 14 में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली छात्राएं याशिका मेवाड़ा, वंशिका, अंजली शर्मा, निहारिका नागर और आलिया खान रहीं। विद्यालय की कोच भावना यादव के कुशल मार्गदर्शन में कुल 20 पदक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन समिति ने पदक हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को बधाई दी है।

## वर्चुअल कैंपस ड्राइव में 11 छात्राओं का चयन हुआ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय, भोपाल के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने रिनेक्स टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक सफल वर्चुअल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। यह ड्राइव विशेष रूप से इनसाइड सेल्स स्ट्रैटेजिस्ट के पद के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें चयन प्रक्रिया के तहत रिनेक्स टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड की एच.आर. इंटर्न, अखिला द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किया गया।

ग्यारह छात्राओं का चयन हुआ है, इनमें कनिका ठाकुर, आयुषी माखीजा, शैली जैन, अंजली सोनी, माही सराफ, हिमांद्री सोनी, जिया मलिक, अनुष्का ठाकरे, गुड़िया शर्मा, लवीना खूबचंदानी, और सिमरन दरयानी के नाम हैं। छात्रों ने साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान असाधारण कौशल और क्षमता का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि हमारी छात्राओं ने लगातार अपनी प्रतिबद्धता और योग्यता का प्रदर्शन किया है, जो हमारे संस्थान में उन्हें दिये जाने वाले सतत् शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें खुशी है कि हमारी कई छात्राएं रिनेक्स टेक्नोलॉजीस में इतने महत्वपूर्ण पद के लिए चुनी गयी हैं।

## सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा संतनगर मण्डल में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी ने कार्यकर्ताओं के सामने सदस्यता अभियान को रखा, उन्होंने कहा किसी भी दल की ताकत उसके सदस्य होते हैं। भाजपा सदस्यता के लिहाज से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अभियान अधिक से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर काम करना होगा। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष राहुल राजपूत, प्रवीण प्रेमचंदानी, महामंत्री सूरज यादव, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, वरिष्ठ नेता किशन अच्छानी, माखन सिंह राजपूत, महेश खटवानी, नरेन्द्र लालवानी, ललित रायचंदानी, उमेश नागर, प्रदीप मेहर, राजू थावानी, भगवत विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा अन्य मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### एनएसएस का छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# एनएसएस में होता है व्यक्तित्व और नेतृत्व कौशल का विकास

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें नई स्वयं सेविकाओं को एनएसएस की गतिविधियों, उद्देशय एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.डालिमा पारवानी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में कार्य कर रहा है। आप सभी युवा प्रतिभागी इससे जुडकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। यह छात्राओं में सकारात्मक बदलाव का माध्यम है।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मंजुला

विश्वास रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी, सरोजनी नायडू कन्या महाविद्यालय ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सेवकों को सेवा के प्रति समर्पण और अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व कौशल को विकसित कर सकते है। महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विभा खरे ने स्वंयसेविकाओं को एनएसएस से जुी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आपने कहा कि इससे जुडकर छात्राए नेतृत्व, अनुशासन और टीमवर्क भी सीखती है।

## बच्चों ने राधा, कृष्ण, बलराम बन फोड़ी मटकी, सजाई झांकी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित विद्यालयों में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोरम झांकी सजाई, मटकियां, बासुरियां व मोरपंख से सजाया। श्रीकृष्ण के पोस्टर भी बनाए गए। बच्चे श्रीकृष्ण, राधा एवं बलराम की वेशभूषा में आए। मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने भगवान कृष्ण की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता में जो उपदेश दिए हैं वह सभी अपने व्यवहारिक जीवन में अपनाकर देश को खुशहाल एवं विकसित बनाएं। सोसायटी के सचिव रमेश हिंगोरानी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं जन्माष्टमी की बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के संचालक योगेश हिंगोरानी एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी मौजूद रहे।

## रातापानी अभ्यारण व उसके आसपास के जंगलों में लगातार बाघों की मौत

# बाघों का शिकार या मौत, अब तक अफसर पता नहीं लगा पाए!



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रायसेन की चिकलोद रेंज के आशापुरी कंपार्टमेंट में हुई बाघों की मौत साधारण थी या फिर शिकार हुआ था, अफसर अब तक यह पता नहीं कर पा रहे हैं। आशापुरी कंपार्टमेंट और उससे लगे जंगलों में पिछले 6 महीने में तीन से अधिक बाघों की मौत की खबर मिल चुकी है। जिसमें से एक बाघ का कंकाल वन विभाग ने जुलाई में बरामद किया था, दूसरे बाघ का शव पानी में मिला था और एक अन्य बाघ के मौत की पुष्टि नहीं हुई है, जबकि बैग गायब बताए जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि रातापानी वन्यजीव अभ्यारण में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसकी वजह से बाघ भोपाल, रायसेन, सीहोर जैसे आसपास के जंगलों तक पहुंच बन चुके हैं। यहां बाघों की सुरक्षा के इंतजाम बिल्कुल नहीं है। गांव में इन बाघों को लेकर अंदरुनी स्तर पर असंतोष है क्योंकि कई बार बाघ मवेशियों को नुकसान पहुंच चुके हैं। इस असंतोष के कारण स्थानीय स्तर पर इनके शिकार की आशंका बढ़ गई है। वहीं बाघों के लगातार बाहर निकालने की घटनाओं के बाद शिकारी भी सक्रिय है लेकिन वन विभाग अपने पुराने ढर्रे पर काम कर रहा है न तो बाघों के मूवमेंट के अनुसार रातापानी और आसपास के जंगलों में वन अमले की तैनाती बढ़ी है और न ही सुरक्षा तंत्र में आधुनिक उपकरणों को शामिल किया गया है। जिन बाघों की मौतें हुई है उनमें से प्राकृतिक मौतों को छोड़कर संदिग्ध मामलों में वन विभाग की जांच में कोई खास सफलता नहीं मिली है। अफसर कई बार आपसी संघर्ष का नाम देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। अब हाल यह है कि इन बाघों की मौत से जुड़े मामलों में भोपाल से लेकर रातापानी वन्य जीव अभ्यारण तक के अफसर बात करने से भी कतरा रहे हैं।

### टाइगर रिजर्व घोषित हो तो बने बात

रातापानी वन्यजीव अभ्यारण बाघों के लिए वरदान साबित हुआ है। यहां लगातार संख्या बढ़ी है जिसका विस्तार भोपाल, रायसेन, सीहोर के जंगलों तक होने लगा है। बाघों की मौजूदगी इसका परिणाम है। तब भी रातापानी वन्यजीव अभ्यारण को रिजर्व घोषित नहीं किया जा रहा है। मोहन सरकार के आने के बाद इसकी संभावना बढ़ी थी लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया है

### टाइगर रिजर्व नहीं होने का कहकर अफसर कर रहे बचाव

रातापानी वन्यजीव अभ्यारण को टाइगर रिजर्व नहीं घोषित किया जा रहा है। सरकार की इस कमी को वन विभाग के अफसरो ने बचाव का तरीका बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक समीक्षा बैठकों में अफसर का यही कहना रहता है कि टाइगर रिजर्व नहीं होने के कारण बाघों की सुरक्षा में कई अड़चने आ रही है जिनका सामना करना मुश्किल हो रहा है

## प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को झटका

# बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों की अब सेवा समाप्ति के आदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बीएड डिग्री धारी सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय जबलपुर का हवाला देत हुए 11 अगस्त 2023 को एवं इसके बाद नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति तत्काल निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं।



दरअसल, सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि, प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता बीएड के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने 11 अगस्त 2023 को पारित आदेश में एनसीटीई की अधिसूचना 28 जून 2018 को निरस्त किया है। इस निर्णय के आधार पर बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थी प्राथमिक शिक्षक के लिए पात्र नहीं होंगे। बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिक शिक्षक नियोजन में सम्मिलित नहीं करने संबंधित याचिका डब्ल्यूपी 13768/2022 एवं अन्य समरूप याचिकाओं में उच्च न्यायालय जबलपुर में पारित आदेश 03 मई 2024 में यह निर्णय दिया गया है कि 11 अगस्त 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षक की अभ्यर्थिता को ही मान्य किया जाए अर्थात सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के उक्त आदेशों के अनुसार दिनांक 11 अगस्त 2023 को एवं इसके पश्चात नियुक्त बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थियों की प्राथमिक शिक्षक पदों पर नियुक्ति मान्य नहीं होगी।

### बीएड के स्थान पर डीएड लिखा है तो उसकी नियुक्ति भी निरस्त

आदेश में कहा गया है कि, संलग्न सूची अनुसार नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों की व्यावसायिक योग्यता का जिले में उपलब्ध रिकार्ड से परीक्षण कर बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति तत्काल निरस्त करें। सुझावात्मक प्रारूप संलग्न किया गया है। यदि संलग्न सूची में किसी अभ्यर्थी की योग्यता में त्रुटिवश बीएड के स्थान पर डीएड लिखा है तो उसकी नियुक्ति भी माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुक्रम में निरस्त करनी होगी। संलग्न सूची के अलावा जिले में 11 अगस्त 2023 को अथवा इसके पश्चात नियुक्त कोई अन्य बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षक है, तो तत्काल नियुक्ति निरस्त करें। उक्त कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करते हुए पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह में संचालनालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# शहर के अम्बेडकर पार्क में आज शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा राजधानी भोपाल के अम्बेडकर पार्क में गुरुवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की घोषणा की गई है। शिक्षकों द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबित क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की गणना, अतिशेष की प्रक्रिया में गड़बड़ी, लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण सहित विभिन्न मांगो पर शासन का ध्यानाकर्षण कराने के लिए यह प्रदर्शन किया गया जा रहा है। शासकीय शिक्षक संगठन के कार्य.अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने बताया कि उक्त धरने में



शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे अपनी प्रांतीय कार्यकारिणी के साथ बैठेंगे। संगठन के कार्य.अध्यक्ष उपेंद्र कौशल एवं महासचिव जितेंद्र शाक्य ने जानकारी दी है कि शासन का रुख सकारात्मक न होने पर प्रांतीय आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

# सीएम राइज स्कूल छात्र परिषद ने ली शपथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के शासकीय सीएम राइज स्कूल बरखेड़ी में नवगठित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह एवं परिवहन सेवा का शुभारंभ लोकसभा सांसद आलोक शर्मा एवं महापौर मालती राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आलोक शर्मा ने छात्र परिषद को अपने पद की शपथ दिलाई एवं अपने उद्बोधन में स्कूल की व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी एम राइज स्कूल के बच्चे किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं हैं, आपके स्कूल में गुणवतापूर्व शिक्षा प्रदान की जा रही है एवं शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की सफलता की झलक स्कूल के इस गरिमामय कार्यक्रम को देखकर लगती है। इस अवसर पर भोपाल की महापौर ने स्कूल की छात्र परिषद को शुभकामनायें दी एवं उन्हें अनुशासित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की हिदायत दी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद सांसद और महापौर ने सीएम राइज स्कूल में शासन द्वारा प्रारंभ की जा रही बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया।

# स्पेशल राउंड की सीटों का आवंटन आज, दो वर्षीय बीएड पहली पसंद, 53 से अधिक ने लिया प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) में चार वर्षीय बीएड डिग्री को प्राथमिकता के आदेश के बाद भी दो वर्षीय बीएड कोर्स का जादू छात्रों के सिर चढ़कर बोल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के कोर्स में प्रवेश के लिए आखिरी राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही है। इस राउंड में भी बीएड कोर्स के लिए ही सबसे अधिक आवेदन आए हैं। बीएड की खाली 4 हजार 769 सीटों के लिए 48 से अधिक विद्यार्थियों ने चॉइस फिलिंग की है, वहीं एनसीटीई के अन्य कोर्स की आधी सीटें खाली हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 29 अगस्त को सभी रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए सीटों का आवंटन जारी किया जाएगा। विद्यार्थी आवंटित कालेज में 31 अगस्त तक फीस जमा कर एडमिशन ले सकेंगे।



इसके बाद विभाग काउंसलिंग प्रक्रिया पर विराम लगा एक सितंबर को विद्यार्थियों से टीसी सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा कराएगा।

**तीसरे चरण की स्थिति:** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एनसीटीई के सभी 9 कोर्स में खाली सीटों पर प्रवेश देने के लिए अतिरिक्त राउंड की काउंसलिंग कराई जा रही है। इस राउंड में सभी नौ कोर्स में कुल 50 हजार 834 विद्यार्थियों ने चॉइस फिलिंग की है। इसमें 48 हजार से अधिक चॉइस फिलिंग बीएड की सीटों पर प्रवेश लेने के लिए की गई है।

## 17 स्कूल भवनों का शिक्षक दिवस पर लोकार्पण

# स्कूलों की संख्या कम कर बनाया जाएगा हाइटेक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूलों की संख्या बढ़ाने की बजाय शिक्षा विभाग गुणवत्ता पर जोर दे रहा है, जिसके चलते प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इनमें सामान्य स्कूलों को मर्ज किया जाना है। राजधानी सहित प्रदेश में 94 हजार सरकारी स्कूल हैं जहां करीब एक करोड़ 40 लाख विद्यार्थी हैं। इन स्कूलों में से कई जगह जहां संसाधन की कमी है तो कई स्थानों पर शिक्षकों की, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे भी मामले हैं जहां विद्यार्थियों की कमी के कारण स्कूल बंद हो गए। ऐसे में जिलों में सीएम राइज स्कूलों की संख्या को दस हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रदेश में 272 सीएम राइज स्कूल हैं। जिनमें से आठ राजधानी में है। इन स्कूलों के



भवन तैयार करने का काम चल रहा है। राजधानी की बात करें तो यहां अभी एक स्कूल में काम पूरा हो पाया है। यही स्थिति प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी है। ऐसे में योजना पर सवाल भी उठाए गए हैं। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय संचालक डीएस कुशवाहा ने बताया कि इस सत्र में कई स्कूलों के भवन बन कर तैयार हो जाएंगे। इसी के साथ इन्हें अपग्रेड किया जाएगा। इनमें प्रवेश के लिए सबसे पहली प्राथमिकता आसपास के क्षेत्र को रहेगी। शिक्षक दिवस पर पांच सितंबर को 17 स्कूलों का शुभारंभ किया जाना है। मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। प्रदेश में बाकी स्थानों पर भी इस सत्र में कई और भवनों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**चार स्तरों पर होगी शुरुआत:** सीएम राइज स्कूलों को प्रदेश में चार स्तर पर शुरू किया जाएगा। इनमें जिला, ब्लॉक, विकासखंड और ग्रामीण स्तर पर तैयारी की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इनमें विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी।

**मेट्रो एंकर**

## मुख्यमंत्री ने की उदयोगपतियों से वन-टू-वन चर्चा

# निवेशकों को राज्य सरकार सभी सुविधाएं और आधारभूत अधोसंरचना उपलब्ध कराएगी: सीएम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी सुविधाएं और आधारभूत अधोसंरचना उपलब्ध करायेगी। किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जायेगी। डॉ. यादव ने कहा कि निवेशकों के सुझाव पर नीति में भी परिवर्तन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। निवेश के माध्यम से हर युवा को रोजगार मिले इस उददेश्य से संभाग स्तर पर जाकर कॉन्क्लेव आयोजित किये जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उद्योगपतियों से चर्चा में कहा कि मध्य प्रदेश में यदि विदेशी निवेश आ रहा है तो सौभाग्य की बात है। सभी प्रकार से सरकार का सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से एसेंचर आईटी के एमडी श्री मनोज चतुर्वेदी ने मुलाकात की और उनसे मध्य प्रदेश में निवेश के संबंध में चर्चा की। मार्बल विनाइल के श्री पंकज चावला ने ऑटोमेटिक इंटीरियर के संबंध में चर्चा की। एलिक्सर इंडस्ट्री ने फर्नीचर और रसायन के क्षेत्र में इन्वेस्ट करने की इच्छा जाहिर की। इसी प्रकार प्रॉपर लाइट इंडस्ट्री खास संस्करण उद्योग में लाना चाह रही है। मुख्यमंत्री ने कोऑपरेटिव सेक्टर को भी बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि प्रदेश के साथ संभागों में कोऑपरेटिव सेक्टर को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होने निवेशकों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होने पशुधन को बढ़ाने, उनके चारे की विशेष व्यवस्था करने के लिए धनराशि जुटाने की चर्चा की जिससे कि दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी हो। रिलायंस इंडस्ट्री ने बंजर पड़ी जमीन पर चारा उगाने रिसर्च डिपार्टमेंट स्थापित करने की कार्य योजना रखी। ग्वालियर के 800 एकड़ क्षेत्र में घास लगाकर इससे गैस बनाने की प्रक्रिया के लिए बायोकैमिकल इंडस्ट्री के साथ पहले रिसर्च डिपार्टमेंट स्थापित करने की बात। प्लेग्रो इंडस्ट्रीज के श्री अंकुर गुप्ता ने खिलौने और फर्नीचर के लिए पॉलिसी बनाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया, इंदौर व उज्जैन क्षेत्र में खिलौना उद्योग लगाने की इच्छा जताई। जमुना इंडस्ट्री ऑटोमोबाइल क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक कोहली ने स्प्रिंग और सस्पेंशन बनाने के लिये निवेश की इच्छा जाहिर करते हुए पीथमपुर के पास जमीन अलॉट करने की बात रखी। इस प्रकार 18 से अधिक उद्योगपतियों ने लगभग 5000 करोड़ रूपये का इन्वेस्टमेंट करने के संबंध में अपनी बात रखी। मेक इन इण्डिया मुहिम के तहत रु. 2500 करोड के निवेश से 2 गीगा वाट क्षमता का सौर उर्जा सेल विनिर्माण इकाई तथा सिवनी में 300 केएलपीडी क्षमता का इथेनॉल प्लांट स्थापित किये जाने की योजना है।



संपादकीय

# कश्मीर में सियासी कशमकश

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। पहले दौर के मतदान के लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख भी बीत गई है। अभी दो दौर और बाकी हैं और तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता खत्म होने का नाम नहीं ले रही। चुनाव लड़ने और लड़ाने के लिये जिस तरह से राजनीतिक दल के बीच गर्मागर्मी है, वह राजनीतिक दलों की परेशानी का कारण भले ही हो लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिहाज से ठीक है, इससे प्रतीत होता है कि कश्मीर में राजनीतिक दलों से जुडे लोग इस सूबे में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर कितने बेताब हैं। फिलहाल तो हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और उम्मीदवारों या उनके गठबंधन के इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा था। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके एजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी कम मुश्किल नहीं। इसका नजारा उस वक्त सामने आया जब भाजपा ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की और जैसे ही कार्यकर्ताओं व नेताओं में बवाल बढा तो करीब दो घंटे बाद ही इसे वापस लेना पडा। फिर दिल्ली में घंटे भर की मशक्कत के बाद पंद्रह नाम जारी किये जा सके। यह आलम तब दिखा जब इस पहली सूची को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर किया गया था,जिस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी,अमित शाह आदि दिग्गज मौजूद थे। दरअसल भाजपा वहां कुछ बाहरी दलों से आए नेताओं को टिकट देने की कोशिश में रही है, इससे उसका पुराना कार्यकर्ता नाराज है। इसके अलावा भाजपा अपने कुछ पुराने नेताओं के टिकट भी काटना चाहती है। यह भी नाराजगी कीवजह है। इन चार दलों के अलावा वहां कुछ स्थानीय दल भी हैं और कांग्रेस से बगावत करके खुद की पार्टी बनाने वाले गुलाम नबी आजाद के उम्मीदवार भी हैं। बहरहाल, जम्मू कश्मीर की राजनीतिक स्थिति की जटिलता का अंदाजा इस बात से लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां ङ्क पीडीपी और भाजपा अब एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है। इसकी तुलना अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से नहीं की जा सकती। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। सबकी नजरें ईवीएम से निकलने वाले इसी जनादेश पर है। उम्मीद है कि यहां से जम्मू-कश्मीर के लोग समझदारी के साथ लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि का नया रास्ता चुनेंगे।

पता नहीं क्यों, लोग और सब देखते हैं, ज़िंदगी नहीं देखते। ज़िंदगी इस पैसे, धरती और आसमान से ज़्यादा क़ीमती है, साहब।

– कमलेश्वर

## आज का इतिहास

- 1559: महान सम्राट अकबर के बेटे और मुगल वंश के शासक जहांगीर का जन्म।
- 1574: गुरु रामदास ने सिख नेतृत्व की बागडोर संभाली
- 1659: औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
- 1682: ब्रिटिश धर्मसुधारक विलियम पेन को इंग्लैंड छोड़ना पड़ा। वह अमेरिका पहुंचे और पेनिसिल्वानिया की स्थापना की।
- 1806: न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र'डेली एडवर्टाइजर'आखिरी बार प्रकाशित।
- 1836: मेलबर्न शहर की स्थापना।
- 1888: क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म।
- 1895: लोकसभा के अध्यक्ष रहे सरदार हुकम सिंह का जन्म।
- 1903: चित्रलेखा जैसी प्रसिद्ध उपन्यास के लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म।
- 1923: हिंदी के प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म।
- 1928: रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की।
- 1947: भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
- 1952: भारतीय रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर ओसबोर्न स्मिथ का निधन।
- 1976: कथाकार, कहानीकार, अभिनेता जी.पी. श्रीवास्तव का निधन।
- 1984: अंतरिक्ष यान'डिस्कवरी'की पहली उड़ान।
- 2003: समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
- 2007: जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफ़ेन ने अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को ग़लत ठहराने का दावा किया।
- 2008: प्रसिद्ध उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला का निधन।
- 2013: जीसैट-7: भारत का पहला रक्षा उपग्रह अपनी यात्रा पर रवाना हुआ।

## निशाना

### है अंदर ये रार !



- कृष्णोन्द्र राय

कौन बनेगा दूल्हा ?
है अंदर ये रार ।।
अंदरखाने लगता है ।
हैं सब खबरदार ।।
आई बात निकल कर ।
किसको ये सौगात ?
शुरू हुआ है मंथन ।
सब लगे दिन रात ।।
वर्तमान में लेकिन ।
है बदला व्यवहार ।।
धीरे धीरे बैठकें भी ।
हैं लेनी आकार ।।
रुठना मनाना भी ।
चले शायद खेल ।।
आ रहा शिगूफा ।
खा रहा सब मेल ।।

# तिरंगा: भारत की मूलात्मा का वाहक और भविष्य की आशा

■ राम पुनियानी

इस साल (2024) स्वाधीनता दिवस पर एनडीए सरकार ने एक बार फिर %हर घर तिरंगा% फहराने का आव्हान किया. यह हर घर तिरंगा का तीसरा संस्करण था. इस अभियान की शुरुआत 2022 में भाजपा सरकार ने की थी। यह आश्चर्यजनक था क्योंकि भाजपा का विचारधारात्मक पितामह आरएसएस हमेशा से तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने का विरोधी रहा है। 2001 के गणतंत्र दिवस को नागपुर पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 176 (2001) दर्ज किया, जिसके अनुसार ÷तीन कार्यकर्ता बाबा मेढे, रमेश कालम्बे और दिलीप छतवानी ने अन्यों के साथ 26 जनवरी 2001 को कथित तौर पर आरएसएस के रेशिमबाग़, नागपुर स्थित प्रांगण में प्रवेश किया और देशभक्ति के नारे लगाते हुए वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया।÷प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बाद में अदालत ने सभी को बरी कर दिया। इस तरह सन 2001 में अपने कार्यालय में तिरंगा न फहराने की आरएसएस की परंपरा का अंत हुआ।



तिरंगा (जिसके मध्य में उस समय चरखा हुआ करता था), स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान देशभक्तों का प्रेरणास्त्रोत था। सन 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पार्टी के अध्यक्ष चुने जाने के बाद, जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों का आव्हान किया कि वे 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाएं और उस दिन अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। इसके विपरीत, के।बी। हेडगेवार ने 21 जनवरी 1930 को एक परिपत्र जारी कर भगवा झंडा फहराने की बात कही थी। इस परिपत्र में आरएसएस के सदस्यों से कहा गया था कि वे 6 बजे शाम को शाखा स्थलों पर एकत्र हों और %राष्ट्रीय ध्वज अर्थात भगवा ध्वज% का वंदन करें। आरएसएस का तर्क यह था कि भगवा रंग अनादिकाल से हिन्दू राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता आ रहा है इसलिए देश को किसी नए झंडे की ज़रुरत नहीं है। यह बात अलग है कि स्वाधीनता संग्राम में भागीदारी कर रहे सभी संगठनों और व्यक्तियों ने तिरंगे को अपना लिया। वे संस्थाएं जो स्वाधीनता संग्राम से दूरी बनाये हुए थीं केवल उन्हीं ने तिरंगे को नहीं अपनाया। इनमें शामिल थी मुस्लिम लीग (जिसने हरा झंडा अंगीकृत किया) और आरएसएस (जिसने भगवा झंडा अपमाना)। हिन्दू महासभा के सावरकर भी भगवा ध्वज के पैरोकार थे।

आरएसएस के दूसरे मुखिया एम।एस। गोलवलकर ने झंडे के सम्बन्ध में आरएसएस की सोच को साफ़ करते हुआ कहा था, ÷भगवा ध्वज ही भारतीय संस्कृति का उसकी पूर्णता में प्रतिनिधित्व करता है। वह ईश्वर का मूर्त स्वरूप है। हमारा यह दृढ मत है कि अंत में पूरा राष्ट भगवा ध्वज के सामने सर झुकाएगा।÷आरएसएस का अनाधिकारिक मुखपत्र %द आर्गेनाइजर% अपने सम्पादकीय लेखों में लगातार तिरंगे का विरोध करता रहा और भगवा ध्वज की वकालत। संविधान सभा की ध्वज समिति के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद थे और उसके सदस्यों में सी। राजगोपालाचारी, के।एम। मुंशी और डॉ अम्बेडकर शामिल थे। उन्होंने कई प्रस्तावों पर विचार किया और अंत में यह तय पाया कि एक परिवर्तन के साथ, कांग्रेस के झंडे को ही राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया जाए। और वह परिवर्तन यह था कि झंडे के बीच में चरखे के स्थान पर 24 तीलियाँ वाला अशोक चक्र होगा।

संविधान सभा में झंडे से सम्बंधित प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए पंडित नेहरु ने भारतीय इतिहास और संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज अतीत की गौरवशाली परंपरा की निरंतरता और भविष्य की आशा का प्रतिनिधित्व करता है। दिल को छू लेने वाले अपने भाषण में उन्होंने याद दिलाया कि भारतीयों ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए बड़े से बड़ा बलिदान दिया है। उन्होंने झंडे को सम्राट अशोक, उनकी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति और शांति के उनके सन्देश से भी जोड़ा और कहा कि झंडा, भारत को वैश्विक समुदाय से जोड़ने वाले सेतु का काम भी करेगा।

नेहरु ने कहा, ÷हमने एक ऐसे झंडे को अपनाया है अपनी समग्रता में और अपने अलग-अलग हिस्सों में भी देश की आत्मा और देश की परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है - उस मिश्रित आत्मा और परंपरा का जो भारत में हजारों सालों में विकसित हुई है।।। हमने हमारे झंडे के साथ न केवल अशोक के प्रतीक को जोड़ा है वरन एक तरह से अशोक के नाम को भी जोड़ा है, जो केवल भारत के इतिहास में ही नहीं वरन दुनिया के इतिहास में भी सबसे महान नामों में से एक है।÷इसके बाद भी आरएसएस और संघ परिवार हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा का महिमामंडन करता रहा। गोलवलकर ने %बंच ऑफ़ थॉट्स% (गोलवलकर के भाषणों और लेखन का संग्रह) में ÷ड्रिफ्टिंग एंड ड्रिफ्टिंग÷ शीर्षक लेख में लिखा, ÷हमारे नेताओं ने हमारे देश के लिए एक नया झंडा चुना है। उन्होंने ऐसा क्यों किया? यह केवल अस्थिरता और नक़ल का उदाहरण है?।।।हमारा भारत एक प्राचीन और एक महान देश है। क्या हमारा कोई अपना झंडा नहीं था? क्या इन हजारों सालों में हमारे देश का कोई प्रतीक चिन्ह नहीं था? निसंदेह था। फिर हमारे दिमाग में यह नितांत रिक्तता, यह पूर्ण निर्वात क्यों?÷

सावरकर ने भी तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार करने से इंकार कर दिया। उसके बहिष्कार का आव्हान करते हुए 21 सितम्बर 1941 को जारी एक वक्तव्य में उन्होंने कहा, ÷जहाँ तक झंडे का प्रश्न है, हिन्दुओं के लिए हिंदुत्व का पूर्णरूपेण प्रतिनिधित्व करने वाला कोई और झंडा नहीं है सिवाय कुंडलिनी-कृपाणांकित महासभा के झंडे के, जिसमें हिन्दू नस्ल और उसकी रीति-नीति के सर्वाधिक प्राचीन प्रतीक ओम एवं स्वस्तिक अंकित हैं, जो युगों से होकर हम तक पहुंचा है और जिसे पूरे हिंदुस्तान में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इसलिए किसी भी ऐसे स्थान या कार्यक्रम, जहाँ इस अखिल हिन्दू झंडे का सम्मान नहीं होता, का हिन्दू महासभा के सदस्यों को बहिष्कार करना चाहिए।÷ हर घर तिरंगा अभियान, एक अर्थ में, भाजपा सरकार के एक सधी हुई चाल है। वह हिन्दू राष्ट्रवाद के अपने मूल एजेंडे से कोई समझौता किये बगैर केवल प्रतीकात्मक परिवर्तन करना चाहती है। प्रतीकों के बारे में उसकी नीति यह कि उन प्रतीकों को अपना लिया जाए जो आमजनों के मानस में गहरे तक पैठे हुए है। इसके साथ ही उसने कई ऐसे नए दिवस भी प्रस्तावित किये हैं जिनके ज़रिये वह अपना विघटनकारी एजेंडा लागू करना चाहती है। इनमें शामिल है विभाजन विभीषिका दिवस (14 अगस्त) जिसका उद्देश्य देश के विभाजन के कारण हिन्दुओं को हुई तकलीफों की याद दिलाना है। मुसलमानों ने जो कष्ट भोगे, उनके बारे में भाजपा चुप है। इसी तरह अटलबिहारी वाजपेई के जन्मदिन 25 दिसंबर को %सुशासन दिवस% घोषित कर दिया गया है। यह क्रिसमस के उत्सव के महत्व को घटाने का प्रयास है।

तिरंगे का इस्तेमाल लोगों को आतंकित करने के लिए भी किया जा रहा है। धार्मिक त्योहारों पर तिरंगा रैली निकाली जाती हैं, जो जानबूझकर मुस्लिम-बहुल इलाकों से गुज़रती हैं। रामनवमी पर मस्जिदों की गुम्बद पर चढ़ कर वहां तिरंगा फहराने की घटनाएँ भी हुई हैं। हर घर तिरंगा अभियान केवल एक ढकोसला है। त्याग, शांति और विविधता जैसे जिन मूल्यों का तिरंगा प्रतीक है, उनके प्रति भाजपा की कोई प्रतिबद्धता नहीं है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया। लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं)

# मंकीपॉक्स: खतरे से निपटने चाकचौबंद हो स्वास्थ्य व्यवस्था

■ ज्ञानेन्द्र रावत

आज समूची दुनिया के लिए मंकीपॉक्स या एमपॉक्स चिंता का विषय बन गया है। मंकीपॉक्स वायरस के कारण होने वाली यह बीमारी बड़ी तादाद में लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। दरअसल, यह एक वायरल संक्रमण है। बता दें कि मंकीपॉक्स वायरस पॉक्स वायरस परिवार का सदस्य है।

संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने वाले लोगों को मंकीपॉक्स अपनी चपेट में ले सकता है। यह एक-दूसरे को छूने, नजदीक रहकर बात करने, यौन संबंधों और सांस लेने से भी फैल सकता है। इसके अलावा, यह बंदरों या अन्य जानवरों के साथ संपर्क से और दूषित मांस खाने से फैल सकता है। कभी-कभी पर्यावरण के जरिये यह बीमारी फैल सकती है। इसके प्रमुख लक्षणों में सिर में दर्द, बुखार, ग्रंथियों में सूजन और पूरे शरीर में दर्द शामिल हैं। इसके अलावा, 2 से 4 हफ्ते तक शरीर में चकत्ते, दाने, फफोले, घाव या छाले भी हो सकते हैं।अभी तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, एमपॉक्स से पीड़ित 0.1 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद, यह कम खतरनाक नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने हाल ही में इस बीमारी की स्थिति को देखते हुए वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। गौरतलब है कि इससे पहले 2022 में भी डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। उस समय इस वायरस ने 100 से अधिक देशों में अपना कहर बरपाया था और 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। वर्तमान में, 21,300 से अधिक लोग इस बीमारी से पीड़ित हो चुके हैं और 590 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस रोग का क्लेड 1बी वायरस सबसे अधिक खतरनाक माना जाता है।

इस बीमारी ने अभी तक 13 अफ्रीकी देशों में अपने पैर पसारे हैं, जहां 21,000 से अधिक पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन अब इस बीमारी ने अफ्रीकी महाद्वीप से बाहर जाकर यूरोपीय देश स्वीडन में भी घुसपैठ कर ली है। स्वीडन की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा है कि स्टॉकहोम में इलाज कराने आए एक व्यक्ति में क्लेड 1 वैरिएंट के कारण एमपॉक्स होने का खुलासा हुआ है। इससे पहले अफ्रीकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने कहा था कि इस साल एमपॉक्स वायरस ने 13 देशों में दस्तक दी है। सभी मामलों और मौतों का 96 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कांगो में है। यह बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 160 प्रतिशत अधिक है, और मौतों की संख्या 19 प्रतिशत बढ़ी है। यहां के 26 प्रांत इसकी चपेट में हैं। इसके बाद, बुरुंडी का नाम सामने आया है, जहां पिछले हफ्ते में इस रोग की चपेट में आने वालों की संख्या में 70 प्रतिशत का उछाल आया है। इसके बाद केन्या, रवांडा और युगांडा जैसे देशों में भी इस बीमारी के शिकार लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

**इस बारे में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा है कि, एमपॉक्स के एक नए क्लेड का उभरना, पूर्वी डीआरसी में इसका तेजी से फैलना और कई पड़ोसी देशों में इसके फैलने की खबरें चिंताजनक हैं। डीआरसी और अफ्रीका के अन्य देशों में एमपॉक्स क्लेड के प्रकोप के अलावा, यह स्पष्ट है कि इन बढ़ते प्रकोपों को रोकने और जीवन बचाने के लिए एक समन्वित अंतर्राष्ट्रीय मुहिम की जरूरत है। अब यह रोग पाकिस्तान में भी घुसपैठ कर चुका है। अभी तक पाकिस्तान में तीन लोगों के वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। पाकिस्तान एशिया का पहला देश है जहां एमपॉक्स वायरस ने दस्तक दी है।**





इस बारे में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा है कि, एमपॉक्स के एक नए क्लेड का उभरना, पूर्वी डीआरसी में इसका तेजी से फैलना और कई पड़ोसी देशों में इसके फैलने की खबरें चिंताजनक हैं। डीआरसी और अफ्रीका के अन्य देशों में एमपॉक्स क्लेड के प्रकोप के अलावा, यह स्पष्ट है कि इन बढ़ते प्रकोपों को रोकने और जीवन बचाने के लिए एक समन्वित अंतर्राष्ट्रीय मुहिम की जरूरत है। अब यह रोग पाकिस्तान में भी घुसपैठ कर चुका है। अभी तक पाकिस्तान में तीन लोगों के वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। पाकिस्तान एशिया का पहला देश है जहां एमपॉक्स वायरस ने दस्तक दी है।

हालांकि हमारे देश में सरकार दावा कर रही है कि वह एमपॉक्स से निपटने के लिए तैयार है, लेकिन दूसरे देशों से आने वाले लोगों से संक्रमण के खतरे को नकारा नहीं जा सकता। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि अभी तक देश में ऐसा कोई रोगी नहीं मिला है, और सरकार इससे बचाव तथा इसके प्रसार को रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सभी एयरपोर्टों और बंदरगाहों के साथ सीमा रेखा पर संचालित सभी स्वास्थ्य यूनिटों को अलर्ट रहने और देश की 32 प्रयोगशालाओं को जांच के लिए तैयार रहने के निर्देश दे दिए गए हैं।

हकीकत यह है कि कोरोना महामारी के खात्मे के तकरीबन ढाई साल बाद भी देश में संक्रामक बीमारियों से लड़ने की तैयारी अधूरी है। हालांकि, मंकीपॉक्स के संक्रमण को देखते हुए अलर्ट घोषित कर दिया गया है और अस्पतालों में कोरोना काल की तरह आइसोलेशन वार्ड और बेड आरक्षित करने की पहल शुरू कर दी गई है। लेकिन कोरोना से सबक लेकर संक्रामक बीमारियों के इलाज के लिए जो प्रोजेक्ट शुरू किए गए थे, उन पर सही मायने में अमल नहीं हुआ है। दिल्ली में एम्स में 150 बेड के क्रिटिकल केयर और संक्रामक रोग केंद्र की परियोजना एक उदाहरण है, जो अधर में लटकी पड़ी है।

अच्छी खबर यह है कि देश में अभी तक एमपॉक्स का कोई रोगी नहीं मिला है, लेकिन जब पाकिस्तान तक इसकी पहुंच हो चुकी है, तो हमारे यहां आने में कितनी देर लगेगी, यह कहना मुश्किल है। इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। सबसे पहले अपने डॉक्टर से सलाह लें। हाथों को साबुन और हैंडवाश से बार-बार धोएं। लक्षण दिखने पर खुद को दूसरों से अलग रखें। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें। वहीं यदि मांसाहार सेवन आवश्यक ही हो, तो पहले उसे अच्छे से धोएं और अच्छी तरह पका लें।

इसके अलावा, एमपॉक्स से बचाव के लिए बबेरियन नार्डिक द्वारा विकसित किया गया टीका, जिसे एमवीए-बीएन टीका कहा जाता है, उपलब्ध है। हालांकि अधिकांश मामलों में दवा से इसके लक्षण ठीक हो जाते हैं, लेकिन बीमारी गंभीर हो सकती है, इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता। विशेष रूप से कमजोर लोगों, नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को इससे बचाने की अत्यंत आवश्यकता है। एहतियात ही इससे खुद को बचाने का सबसे कारगर रास्ता है।

-साभार

# तहसील कार्यालय की पानी की प्याऊ से केबल वायर काट कर ले गए चोर





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर में आए दिन चोरियों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अब चोर वे खोप हो कर खुलेआम चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। सिवनी मालवा थाने की कुछ ही दूरी पर तहसील कार्यालय है तहसील कार्यालय में लगी पानी की प्याऊ से चोरों ने केवल वायर काटकर पुलिस को खुले चुनौती दे डाली।

अब इस स्थिति में प्रशासनिक कार्यालय ही चोरों से सुरक्षित नहीं है तो नगर का आम नागरिक सुरक्षित होगा हम कैसे माने ? ऐसा नहीं है कि तहसील कार्यालय के अभिभाषक कक्ष में पहली बार चोरी हुई हो इससे पहले भी चोरों ने बैठने की टेबल कुर्सी सहित तीन चार पंखों को चुराकर अपना हाथ साफ कर चुके हैं। नगर में इन दिनों चोरों का आतंक है चोर बेकोफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे हुए बैठी हुई है।इस और पुलिस प्रशासन का ध्यान नहीं होने के कारण कर आए दिन चोरी की घटनाए दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ऐसी ही एक घटना तहसील कार्यालय में सामने आई तहसील कार्यालय में लगे हुए अभिभाषक कक्ष के पास एक सार्वजनिक प्याऊ बना हुआ है।

इस प्याऊ पर पानी भरने के लिए एक मोटर लगी हुई है इस मोटर से अज्ञात चोरों द्वारा केवल वायर कट कर चोर ले गए तहसील कार्यालय के वकीलों ने बताया है की तहसील कार्यालय का समय खत्म होने के बाद तहसील कार्यालय के सामने बनी झुकी झोपड़ियां के आसामाजिक तत्व रात के अंधेरे में यहां पर आकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं उनके द्वारा तहसील कार्यालय में नशीला पदार्थ का सेवन करके अवैध गतिविधियां रात के अंधेरे में संचालित की जाती है।

### 31 अगस्त तक राजस्व प्रकरण के निराकरण के दिए निर्देश

# संभागायुक्त ने किया सिवनी मालवा व डोलरिया तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण

**सिवनी मालवा/नर्मदापुरम दोपहर मेट्रो।**

नर्मदापुरम संभागायुक्तने बुधवार को डोलरिया एवं सिवनी मालवा के तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण किया , उन्होंने नामांतरण, बंटवारा , सीमांकन , बंटाकन , राजस्व अभिलेख दुरुस्ती करण , एवं नक्शा तरमीम , राजस्व अभिलेखों में सुधार आदि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान तहसीलदार द्वारा राजस्व प्रकरणो के निराकरण के कार्य की संभागायुक्त ने सराहना की । उन्होंने नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की राजस्व महा अभियान 2.0 के अंतर्गत राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तीन दिन शेष है । अतः ज्यादा से ज्यादा प्रकरण का निराकरण कर 31 अगस्त तक सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

संभागायुक्त ने नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे आरसीएमएस पोर्टल में जो केस दर्ज कर रहे हैं उसकी तारीख अनिवार्य रूप से दर्ज कराए। सभी राजस्व प्रकरणो को ऑफलाइन की बजाए ऑनलाइन ले । उन्होंने कहा कि लोकसभा गारंटी के द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जो समय सीमा दी गई है उस समय सीमा का विशेष रूप से पालन करते हुए राजस्व प्रकरणो का निराकरण किया जाए । बताया गया कि तहसीलदार डोलरिया के कोर्ट का डिस्पोजल 95त्न है।

संभागयुक्त ने निर्देश दिए की सभी प्रकरणों में प्रोसिडिंग अनिवार्य रूप से बनाकर रखी जाए । उन्होंने कहा कि इश्तिहार भी समय सीमा में प्रकाशित किया जाए । इसमें कोई विलंब ना हो । इश्तिहार प्रकाशित होने के बाद सात दिवस में पक्षकार उपस्थित हो।

संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए की यदि तहसीलदार न्यायालय से किसी केस में आदेश पारित होता है तो आदेश की तामिली की पुष्टि अनिवार्य रूप से होनी चाहिए । समय सीमा में पेशी हो और आरसीएमएस पोर्टल में नोटिस भी दर्ज करवाई जाए। हर प्रकरण में अमली भी करवा जाए । संभागआयुक्त ने कहां की यदि बंटाकन का कोई आदेश पारित किया जाता है तो उसमें बटाकंन सह नामांतरण आदेश लिखा पारित किया जाए । उन्होंने डोलरिया में रीडर की आईडी के सबसे पुराने कैस की समीक्षा की । बताया गया की सबसे पुराना प्रकरण जनवरी 2024 का है संभागायुक्त ने कहां कि इतने लंबे समय तक कोई प्रकरण लंबित ना रहे । बताया गया कि कई बार कोई व्यक्ति अपने प्रकरण एक से अधिक बार लगाता है जिससे राजस्व प्रकरण की संख्या अधिक दिखती है। संभागायुक्त ने कहा कि ऐसे प्रकरणों की समीक्षा कर ली जाए। संभागायुक्त ने कहा कि लंबे समय तक प्रकरण कतई लंबित न रखें जाए । जैसे ही प्रकरण प्राप्त होता है वैसे ही पीओ तक पहुंचाया जाए । उन्होंने आवासीय पट्टे , सीमांकन , पंजीकृत विक्रय के आधार पर नामांतरण करने आदि के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने नक्शा तरमीम, अभिलेख दुरुस्ती करण की समीक्षा की ।



उन्होंने नायब तहसीलदार के रीडर आईडी पर 10 लंबित कैस के दिखने पर नाराजगी व्यक्त की और कहां की ऐसे प्रकरण तत्काल निराकृत किए जाएं। तहसीलदार ने बताया कि प्रतिदिन ई केवाईसी एवं नक्शा तरमीम के लगभग 500 प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है । चकबंदी के अलग-अलग खाते बना देते हैं क्योंकि नक्शा एक जगह नहीं रहता है व्यक्ति जहां काबिज है नक्शा में कहीं और दिखता है।

संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए की यदि डबल आवेदन है तो उसे प्राथमिकता से देखा जाए , सभी राजस्व प्रकरणो का निराकरण कर पोर्टल में अपडेट किया जाए । उन्होंने कहा कि आदेश तामिली की पुष्टि अनिवार्य रूप से हो । बंटवारा के प्रकरण 45 दिन में डिस्पोजल करें। आदेश में बंटाकन सह नामांतरण लिखें संभागायुक्त ने सिवनी मालवा के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट का भी निरीक्षण किया । संभाग आयुक्त ने विशेष तौर पर देखा कि राजस्व प्रकरण के पारित आदेशों में तामिली की पुष्टि हुई है कि नहीं हुई है । पारित आदेश की भू अभिलेख में भी पुष्टि एवं जिन प्रकरणो में 45 दिन 3 दिन या 30 दिन में आदेश पारित करना है । उस प्रकरणों का समय सीमा मैं निराकरण करने के निर्देश दिए । एक मौका और देने के निर्देश देते हुए संभागायुक्त ने कहा कि समय सीमा के बाद एक मौका और देकर प्रकरणों का निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। संभागायुक्त ने गाजनपुर के पटवारी अभिषेक मिश्रा की विशेष तौर पर प्रशंसा की, जिन्होंने लगभग 500ई केवाईसी के प्रकरण में से 350 प्रकरणों का सफलता निराकरण किया

संभाग आयुक्त ने एसडीएम सरोज परिहार को निर्देश दिए कि वह उन पटवारियों को जिन्होंने दिए गए लक्ष्य के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करके दिखाया है , ऐसे पटवारियों को प्रशंसा पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित करें । वहीं कार्य न करने वाले पटवारी पर नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के रीडर आईडी पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे । निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल , एसडीएम सरोज परिहार तहसीलदार राकेश खजूरिया सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक शर्मा ने नपाअध्यक्ष, प्रशासन, पुलिस व नपा के अधिकारियों के साथ बैठक कर बनाई व्यवस्था



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

त्योहारी बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को अब दुकान लगाने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पडेगा। आने वाले दिनों में गणेश जी, दीपावली और अन्य त्योहार पर बाजार कहां लगेंगे तय हो गया है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर बाजारों का स्थान तय कर लिया है। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस व एसडीएम टी प्रतीक राव, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, सीएमओ ऋतु मेहरा, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, राजस्व सभापति प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

### इन स्थानों पर लगेंगे बाजार

**फ्रेंड्स स्कूल मैदान**- गणेश प्रतिमा बाजार, पटाखा बाजार।

**ऑडिटोरियम के सामने रोड पर**- हरतालिका तीज, ऋषि पंचमी, पोला (बैल प्रतिमा बाजार), करवा चौथ बाजार, महालक ?मी बाजार व अन्य सभी त्योहारी बाजार।

**गांधी स्टेडियम** - दीपावली बाजार, जिसमें मां लक्ष्मी प्रतिमा, दीयें, झाडू, लाई, बताशे व अन्य सामग्री का बाजार।

**बैल बाजार**- दीपावली पर माला, केले के पत्ते व अन्य फूलमाला, गन्ना ग्यारस पर गन्ने का

### औचक निरीक्षण, सिर्फ एक वार्ड में मिले सफाई कर्मचारी

# अनुपस्थित कर्मचारियों और सुपरवाइजरों का वेतन कटेगा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दोपहर में सात वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्हें सिर्फ एक वार्ड में ही सफाई कर्मचारी काम करते हुए नजर आए। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने जारी किए हैं साथ ही इन वार्डों के सुपरवाइजरों का वेतन भी काटा जाएगा।



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज वार्ड क्रमांक 18, 19, 20, 21, 22, 30 और 32 में सफाई कार्य व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इन वार्डों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि सफाई व्यवस्था ठीक से नहीं हो रही थी। यहां आज जब निरीक्षण किया तो शिकायत सही मिली। दोपहर की पाली में इन वार्डों में सफाई कर्मचारी काम पर नहीं आ रहे थे। नपाध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि आज जब उन्होंने वार्डों का निरीक्षण किया तो वार्ड 19 में 4 सफाई कर्मचारी काम करते मिले। बाकी वार्ड 20 में 4 कर्मचारी अनुपस्थित, वार्ड 21 में 4 कर्मचारी अनुपस्थित, वार्ड 18 में 2 कर्मचारी अनुपस्थित, वार्ड 22 में सभी कर्मचारी अनुपस्थित, वार्ड 30 में 2 कर्मचारी अनुपस्थित और वार्ड 32 मुख्य बाजार क्षेत्र में 8 कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने कहा कि सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि वे सभी कर्मचारियों का वेतन काटे साथ ही इन वार्डों के सुपरवाइजरों का भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं।

# जागरूकता अभियान अन्तर्गत कौशल विकास कैरियर परामर्श सत्र संपन्न



**नर्मदापुरम।** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अन्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया और नोडल अधिकारी श्री व्ही. पी गौर के मार्गदर्शन में कौशल विकास कैरियर परामर्श सत्र में जुमेराती कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी द्वारा वन स्टाप सेंटर की सेवाओं की जानकारी, 181, सी एम हेल्पलाइन, महिलाओं से सम्बंधित कानून की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कौशल विकास कैरियर परामर्श के अन्तर्गत जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर विवेक सैसिल तया कार्यक्रम अधिकारी श्री मोहन मैथिल द्वारा बालिकाओं को कैरियर सम्बधित जानकारी दी गई। जुमेराती कन्या शाला की प्राचार्य श्रीमती कीर्ति श्योपुरिया द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# पात्र हितग्रही योजनाओं से वंचित नहीं रहे : कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा है कि सभी अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ विभागों में सार्थक ऐप के माध्यम से सभी अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित की नियमित रूप से समीक्षा करते रहे। चिन्हित किए हुए जर्जर भवन भी डिस्मेंटल किए जाएं अथवा उन्हें सील कर उन भवनों में किसी भी प्रकार की गतिविधि ना संचालित हो यह सुनिश्चित करें। सिकल सेल एनीमिया के लिए बच्चों की नियमित रूप से स्क्रीनिंग की जाए। साप्ताहिक समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित की जा रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में की जा रही कार्यवाही, पौधारोपण अभियान, एवं अन्य प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर**

### भाजपा नगर मंडल पुरानी इटारसी की कार्यशाला सम्पन्न

# संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा नेताओं का मंथन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी की संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला मंगलवार को एक निजी हॉल पुरानी इटारसी में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में सर्वप्रथम भाजपा के पितृपुरुष पं दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किए गए,तत्पश्चात राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन किया गया।अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने स्वागत भाषण देते कहा कि सदस्यता अभियान में सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी,लगन,निष्ठा से लक्ष्य को पूरा करना है,जो पहले से ही कार्यकर्ता है उनके अलावा भी अधिक से अधिक नए कार्यकताओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का काम करेंगे।

भाजपा को जिससे और मजबूती प्रदान हो। सदस्यता अभियान कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सदस्यता अभियान मंडल सह प्रभारी पीयूष शर्मा जी* ने कहा कि भाजपा की सदस्यता तीन तरीके से दिलाई जा सकती है, पहला सदस्यता फार्म भरा कर,या 8800002024 पर मिसकॉल करवा कर एवं नमो ऐप के माध्यम से भी सदस्य बना सकते है,साथ ही बाकी शहरी क्षेत्र होने के कारण नेटवर्क की दिक्कत नही होने से मिसकॉल के माध्यम से सदस्य आसानी से बना सकते है सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अधिक से अधिक भाजपा की सदस्यता दिलानी है। नगर पालिका अध्यक्ष शपंकज चौरे ने कहा कि आने वाले दिनों में



28,29,30 अगस्त को शक्ति केंद्र पर सदस्यता अभियान को लेकर सम्मेलन होना है जिसमें बूथ अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे 31 अगस्त के दिन प्रत्येक बूथ स्तर पर अधिक से अधिक सदस्य बना सके,सभी भाजपा के जनप्रतिनिधि,पार्षद,जनपद सदस्य,सरपंच भी सदस्यता अभियान में अपनी सहभागिता देंगे और पंचायत,वार्ड और बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे जिला महामंत्री मुकेश मैना ने संबोधित करते हुए कहा सभी भाजपा जनप्रतिनिधि जिला पदाधिकारी,मंडल पदाधिकारी समस्त वरिष्ट कार्यकर्ता,मातृशक्ति,शक्ति केंद्र टोली,बूथ समिति,मंडल स्तर पर जो 4 सदस्यीय टीम 1 सितंबर से शुरू होने जा रहे सदस्यता अभियान कोडिनेट करेगी और मंडल अध्यक्ष और जिला मुख्यालय पर पूरी जानकारी देंगे।कार्यशाला का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो ने किया एवं आभार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सदस्यता अभियान के मंडल सहियोगी अतुल शुक्ला द्वारा किया गया सोसल मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा* ने सोसल मीडिया, मोबाइल फोन एवं नमो ऐप से कैसे सदस्यता दिलाए उसकी जानकारी टीवी माध्यम से सभी को समझाया।

संगठन पर्व सदस्यता अभियान कार्यशाला* में प्रमुख रूप भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी,अनुसूचित जति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू सिकंदर,नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत,मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी गालर,श्रीमती प्रियंका चौहान,वीरेंद्र यादव,विजय भंगाले,मंडल मंत्री राधा मैना,प्रशांत मनवारे,सौरभ राजपूत,मोर्चो के अध्यक्ष बविता चौहान,सौरभ चौधरी,विजय चौरे,पार्षद जिम्मी केथवास,जनपद सदस्य वंदना सगोरिया,सदस्यता अभियान मंडल सोशल मीडिया सहयोगी जितेंद्र मालवीय,अनुसूचित जाति जिला महामंत्री विनोद लोंगरे,किसान मोर्चा सोसल मीडिया प्रभारी देवेंद्र राजू परिहार,जिला अनुसूचित जाति कोषाअध्यक्ष संदीप सोनकर,वरिष्ट भाजपा नेता अशोक साकले,रामजीवन वर्मा,लीलाधर नामदेव,अवध नारायण पाण्डे,राजकुमार बाबरिया,जयप्रकाश पटेल,सुनील पांडे,श्यामकांत मिश्रा,प्रकाश केवट,विनोद जोशी,बलराम सोनी,जगदीश चावरे,किशन यादव,बसंत चौहान,सतीश पटेल,जयदीप प्रजापति,रजत मेहतो,संतोष मालवीय,नरेश माझी अविनाश ठाकुर,दिनेश जैसवाल,विनय चौरे,विनोद केवट,सोहन चौहान,राजेश चौहान,उमा शंकर लोवंशी,शुभम प्रजापति, शेख अहमद,सोहन बावरिया,विनोद साठे,विनोद मालवीय,दीपक श्रीवास,रविंद्र भावसार,अंकित मेहतो,मातृशक्ति क्षमा चावरे,अमीना बी,रेखा साहू,रंजना मेहरा,राजकली बाबरिया,दीपा यादव,उमा नागवंशी,अनिता शुक्ला,संध्या राय,शक्ति राजपूत,प्रतिक्षा ठाकुर,प्रीति मीणा,अमित सिंह,एवं सभी भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता,मातृशक्ति अधिक संख्या में उपस्थित थे ।



**सिरोंज:** नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा कृष्ण जन्म उत्सव जन्माष्टमी के अवसर पर तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम मटकी फोड़ कार्यक्रम हैप्पी बर्थडे बधाई गीत एवं इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमे नगर पालिका से मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं बालमुकुंद कुशवाहा ज्योती दुबे कराया जा रहे हैं

### सिरोंज को जिला बनाने के लिए अभिभाषक संघ ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

# चुनाव में किया वादा सांसद विधायक निभाएंगे क्या?



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



सिरोंज को एक बार फिर जिला बनाने की मांग जो पकड़ी हुई दिखाई दे रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार प्रदेश सरकार के द्वारा जल्दी ही नवीन जिलों की घोषणा की जा सकती है इसमें बीना या खुरई का नाम भी चल रहा है जबकि सिरोंज को जिला बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। भौतिक सामाजिक दूरियों तथा व्यावसायिक क्षेत्र के हिसाब से भी सिरोंज जिले के लिए अनुकूल है टोंक रियासत के समय भी सिरोंज को जिले का दर्जा प्राप्त था पर मध्य प्रदेश गठन के बाद ही उसे दर्जे को छीन लिया गया था हर बार मांग तो उठाती है उसको आज तक सफलता नहीं मिली है ।विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के दौरान जिला बनाने का मुद्दा तो होता है उम्मीदवार जनता से वादा भी करते हैं चुनाव के बाद ही है शांत हो जाता है। वहीं पहली बार चुनाव के बाद भी जिला बनाने की मांग उठाई जा रही है जिसको लेकर बुधवार को अभिभाषक संघ ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय चौरसिया देते हुए सालो पुरानी मांग को दोहराते हुए अभिभाषण संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी ने सिरोंज जिला बनाने की मांग को तथ्यों के साथ रखते हुए कहा कि जिला विदिशा में कुल 12 तहसीले तथा पांच विधानसभा सीट है.। जिसमें विधानसभा क्षेत्र सिरोज, लटेरी तहसील को सम्मिलित कर बनाई गई है। दोनों तहसील की दूरी जिला मुख्यालय से लगभग 85 किमी से लेकर 130 किमी है। आमजन को जिला मुख्यालय विदिशा जाने के लिये कई किलोमीटर तथा कई घंटों के सफर का सामना करते हुए अत्याधिक खर्च एवं समय की बर्बादी होती है। गरीब घर के लोग तो दूरी ज्यादा होने के कारण जिला मुख्यालय तक अपनी मांगों को लेकर पहुंच ही नही पाते है,इस वजह से वहां कई बार न्याय से वंचित रह जाते है. म.प्र. गठन के समय राजस्थान राज्य से सिरोंज को लेते हुए म.प्र. के विदिशा जिले में तहसील के रूप में सम्मिलित किया गया।जबकि सिरोंज म.प्र. गठन के पूर्व राजस्थान में अक्टूबर 1949 तक जिले के रूप में रहा. परन्तु सिरोंज एवं लटेरी की जनता के साथ अन्याय करते हुए तहसील का दर्जा दिया है. म.प्र. के गठन के पश्चात से ही सिरोंज, लटेरी के लोग समाजसेवी, नेताओ द्वारा समय समय पर जिला बनाने की मांग उठाते रहे है।कई बार आन्दोलन, अनशन भी किए गए परन्तु सिरोंज लटेरी की जनता की पुकार नही सुनी गई है। देश का सेंटर पॉइंट भी सिरोंज में स्थित है व्यापारिक केंद्र बिंदु भी रहा है जगह कि यहां पर जगह की कोई समस्या नहीं है।मध्य प्रदेश में प्रशानिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए आमजन की पहुंच जिला मुख्यालय तक आसानी से हो सके, इस हेतु शासन द्वारा कई नवीन जिलो का गठन किया गया है। वर्तमान में भी कई नवीन जिलो के गठन के संबंध में विचार किया जा रहा है।. उप तहसील पथरिया को तहसील का दर्जा देते हुए तथा आनंदपुर को तहसील बनाते हुए सिरोंज को जिले के प्रस्ताव मे सम्मिलित किया जाना न्यायोचित है। भाजपा संगठन भी जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले दिनों ज्ञापन दे चुका है।

#### आसपास की तहसीलों को मिलकर बनाएं जिला संभावना पर्याप्त

जिला बनाने के समीकरण होने के बाद भी आखिर जिले का दर्जा क्यों नहीं मिल पा रहा है इसके लिए आम जनता से लेकर सभी व्यापारी संगठन और जनप्रतिंतियों को आगे आकर इस आवाज को बुलंद करना होगा राजनीतिक मतभेद बुलाकर सिरोंज के हित में और क्षेत्र की जनता जनार्दन को उसका हक दिलवाने के लिए सभी को मिलकर पूरी ताकत से अपनी आवाज को रखन होगा तभी प्रदेश सरकार से जिले की मांग को पूर्ण कर पाएगी सबसे बड़ी भूमिका क्षेत्र के विधायक को निभानी होगी तथा संसद को भी आगे आना होगा जिन्होंने चुनाव के दौरान जनता को जिला बनाने का सपना दिखाया था पर वहां अभी अपनी बात पूरी ताकत से प्रदेश सरकार के सामने रखते हुए नजर नहीं आ रहा है। चुनाव में जरूर बात करते हैं हर बार ऐसा ही होता है फिर जनप्रतिनिधि बनने के बाद विधायक, सांसद अपने वादे से मुकर जाते हैं भूल जाते हैं। वहीं सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, पठारी, आनंदपुर और पथरिया की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुये सिरोंज को जिला बनाये जाने हेतु तत्काल उचित निर्णय लिया जाना चाहिये. अन्यथा सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, पठारी की आम जनता आंदोलन हेतु बाध्य होगी.। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभाषक मौजूद रहे।

### बरेज में पर्यावरण को संरक्षित करने के, उद्देश्य को लेकर कियापौधारोपण

# पेड़ों के बगैर जीवन असंभव भव है: प्रमोद रघुवंशी



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को ग्राम बरेज में शासकीय हाई स्कूल परिसर एवं हनुमान मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया। जन अभियान परिषद, सर्व धर्म समाज कल्याण समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ पर्यावरण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर किया गया। वहीं सबसे पहले वृक्षों को माता का स्वरूप मानकर पूजा अर्चना किया और बड़े होने तक उनकी सुरक्षा के शपथ दिलाई। समाजसेवी अंकित पाठक ने कहा कि, एक पेड़ मां के नाम यह शब्द ही वृक्षों की भांति विशालता का परिचायक है। एक पौधा पेड़ बनता है और उनके छांव के तले जीव जंतु सुख का अनुभव करते हैं हम मनुष्यों के लिए यह तो वरदान है। शुद्ध और ताजी हवा, प्रदान करते हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। वही इस दौरान सर्वधर्म जन कल्याण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी ने कहा कि , पेड़ पौधों के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। हमें सुखी रखने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, आज लगातार वृक्षों की संख्या में कमी हो रही है। जिसके कारण हमें अनचाहे बीमारियों के जाल में फंसना पड़ रहा है। बड़ी-बड़ी बीमारियां मनुष्य को परेशान कर रही है इससे निजात पाने के लिए वृक्षों की अधिकता अत्यंत जरूरी है। हर गांव, शहर, गली, मोहल्ले और प्रत्येक घरों में खाली स्थान पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। इस दौरान नवल सिंह राजपूत, स्कूल प्राचार्या संतोष जैन, ग्रामीणों सहित स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भी पौधे लगाए।

### सदस्यता अभियान को लेकर पथरिया मंडल की हुई बैठक

# महापर्व में सभी बढ़-चढ़ कर लें भाग: विधायक हरि सिंह सप्रे



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है उसको लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। इसी क्रम में पथरिया मंडल की बैठक निजी गार्डन में आयोजित हुई । कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की संगठन के महापर्व में हम सभी को पूरे यथाशक्ति के साथ सदस्यता अभियान में कार्य करना है हर व्यक्ति को भाजपा की विचारधारा से जोड़कर सदस्यता दिलाने के लिए कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में काम करें भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है जो लक्ष्य मिला है उससे बढ़कर एक बार फिर सभी पथरिया मंडल के कार्यकर्ताओं को करके दिखाना है। एक तारीख से प्रधानमंत्री , राष्ट्रीय अध्यक्ष इस अभियान का शुभारंभ करेंगे । उसके बाद हम सभी इस काम में जुट जाएंगे जिला महामंत्री मुकेश तिवारी ने सदस्यता अभियान को लेकर विभिन्न जानकारी कार्यकर्ताओं को देते हुए बताया की सभी को ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से गांव-गांव जाकर घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनना है इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल साहू ,मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, महामंत्री अरविंद रघुवंशी ,अंकित साहू , सुरेंद्र रघुवंशी, कपिल चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 31 को खंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**सिरोंज।** 31 अगस्त को मांगलिक अंबेडकर भवन में खंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया ।जाएगा जिसमें जिले एवं स्थानीय अधिकारियों के द्वारा जनता जनार्दन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि सही बिभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में शिविर का आयोजन होगा इसमें जितनी भी आवेदन आएगा उनका निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। विधायक की अध्यक्षता में होगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आवेदन

**सिरोंज।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत काशी बनारस, कामाख्या देवी और अयोध्या की यात्रा करने का अवसर बुजुर्ग जनों को मिलेगा इसके लिए नगरीय क्षेत्र के आवेदन नगर पालिका में और ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन जनपद में जमा की जाएगा पात्र हितग्राही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ उठाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत और नगर पालिका से जानकारी लेकर आवेदन जमा करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# गुफा पिपलिया हाट में भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा



**सिरोंज।** अमरनाथ बर्फ़ानी गुफा पिपलिया हाट में चल रही श्री मद भागवत कथा के समापन पर बाबा बर्फानी सेवा दल एवं सभी भक्त जनों के सहयोग से विशाल भंडारा आयोजित हुआ । कथा व्यास विनोद भार्गव शास्त्री ने अंतिम दिन कथा का श्रवण करते हुए कहा कि भगवान की भक्ति में लीन होकर धर्म पुण्य करें और मानव कल्याण के लिए बिना स्वार्थ के दान करना भी अच्छा होता है। भगवान से सच्चा प्रेम करें अपने परिवार को संस्कारवान बनाने में माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कथा के समापन पर यज्ञ में पूर्ण आहुति के बाद कन्या भोज के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणों ने भी पहुंच कर प्रसादी ग्रहण की।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र)

क्रमांक / निविदा /24 / सिरोंज दिनांक-----------

### ई-टेंडर आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू. | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **2024_UAD_365683_1** | वार्ड 05 अहिल्या बाई मार्ग पप्पू चक्की से अनवर, ईस्माईल चक्की से रज्जन के घर तक सीसी रिनूवल कोट एवं आर.सी.सी.निर्माण | 4131490.00 | 31000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| **2024_UAD_365678_1** | वार्ड02 मोहन श्रीवास्तव के घर से उमकार अहिरवार के घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण | 353073.00 | 3600.00 | 2000.00 | 03 माह |
| **2024_UAD_365668_1** | वार्ड 02 डॉ. राजा सिंह यादव के घर से महेश ताम्रकार के घर होते हुए वंटी अहिरवार से प्रदीप वघेल तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण | 1504384.00 | 11300.00 | 2000.00 | 03 माह |

**शर्तें**- टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एव नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के लोक निर्माण विभाग शाखा से प्रापत कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**


**मेट्रो एंकर** विधायक ने हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण हेतु किसानों को रवाना किया

# जिले के तीस प्रशिक्षक राजगद, शाजापुर, सीहोर में उद्यानिकी फसलो से प्रशिक्षित होंगे




विदिशा दोपहर मेट्रो।

उद्यानिकी विभाग की किसानो के प्रशिक्षण संबंधी योजना के तहत जिले के चयनित तीस कृषक उद्यानिकी फसलो से प्रशिक्षित होने हेतु रवाना हुए है। विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने कलेक्टेउ्ट परिसर में उद्यानिकी फसलों के प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु रवाना होने वाले कृषक दल के सदस्यों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इससे पहले विधायक श्री टण्डन ने किसानो से संवाद कर उन सबसे कहा है कि उद्यानिकी क्षेत्र में अन्य जिलो में हुए नवाचारो को देखकर, सुनकर, सीखकर, उसका उपयोग सभी किसान भाई अपने-अपने खेतो में करेंगे ताकि विदिशा जिला भी उद्यानिकी नवीन विधाओं से परिपूर्ण हो सके।

उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत कृषि समिति के सभापति श्री धनराज दांगी, सांसद प्रतिनिधि श्री कैलाश रघुवंशी, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री जी गिरवाल के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी व विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री जी गिरवाल ने बताया कि तीन दिवसीय उक्त प्रशिक्षण में जिले के तीस कृषकबंधु राजगढ जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र में पहुंचकर कृषक प्रशिक्षण तथा उन्नतशील, प्रगतिशील कृषकों के यहां पहुंचकर भ्रमण करेंगे इसी प्रकार कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर में पहुंचकर प्रशिक्षित होंगे वहीं सीहोर जिले की कृषि महाविद्यालय में पहुंचकर जानकारियां प्राप्त करेंगे इसके अलावा भोपाल के ईटखेडी में स्थित फलो अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण करेंगे। इस दौरान कृषकबंधु उद्यानिकी फसलो की नवीनतम जानकारियों को प्राप्त करेंगे तथा उन्नतशील व प्रगतिशील कृषकों के यहां पहुंचकर उनके द्वारा उद्यानिकी फसलों में किए गए नवाचार का स्थलीय भ्रमण कर जायजा लेंगे। कृषक दल तीस अगस्त को वापिस विदिशा आएगा।

# फेडरर के बराबर पहुंचे जोकोविच, यूएस ओपन में 89वीं जीत दर्ज की

**न्यूयॉर्क. एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक चैंपियन और दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने साल के चौथे और आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन में जीत से आगाज किया। उन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर में मोल्दोवा के राडु अल्वोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने यूएस ओपन में कुल 89वीं जीत हासिल की। उन्होंने स्विट्जरलैंड के पूर्व खिलाड़ी रोजर फेडरर की बराबरी की और यहां सर्वाधिक मैच जीतने वाले इतिहास के दूसरे खिलाड़ी बन गए। हमवतन खिलाड़ी लास्लो से भिड़ंत- दूसरी सीड जोकोविच की हमवतन खिलाड़ी लास्लो डिजेरे से भिड़ंत होगी। लास्लो ने जर्मनी के जेन लेनॉर्ड स्ट्रोफ को 6-7, 6-1, 6-7, 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।

### सुमित नागल पहले राउंड में हारे

पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय चुनौती सुमित नागल को पहले राउंड में ही हार का सामना करना पड़ा। उन्हें नीदरलैंड्स के खिलाड़ी तालौन ग्रिस्कपोर ने आसानी से सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से मात दी।

### महिला एकल-दूसरी सीड सबालेंका का जीत से आगाज

बेलारूस की दिग्गज खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन में जीत से आगाज किया। पिछली बार की उपविजेता व दूसरी वरीय सबालेंका ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की प्रिसिला होन को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

## टेनिस: सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक ने पहले राउंड में मोल्दोवा के राडु अल्वोट को दी शिकस्त



### अल्कारेज की ग्रैंड स्लैम में लगातार 15वीं जीत-ऑस्ट्रेलिया के ली तू को हराया

स्पेन के कार्लोस अल्कारेज यूएस ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। 21 साल के अल्कारेज ने मंगलवार को पहले राउंड में ऑस्ट्रेलिया के ली तू को लगातार 4 सेटों में हराया। अल्कारेज ने ली तू को चार सेट्स में 6-2, 4-6, 6-3, 6-1 से मात दी। यह अल्कारेज की किसी भी ग्रैंड स्लैम में लगातार 15वीं जीत है। दूसरी ओर ब्रिटेन के डैन इवांस ने रूस के कारेन खाचानोव को रिकॉर्ड 5 घंटे 35 मिनट चले मुकाबले में 6-7, 7-6, 7-6, 4-6, 6-4 से हराया। यह यूएस ओपन के इतिहास का सबसे लंबा मुकाबला रहा। इससे पहले 1992 में स्टीफन एडबर्ग और माइकल चांग के बीच सेमीफाइनल मैच 5 घंटे 26 मिनट तक चला था।

**ओसाका-स्वियातेक की आसान जीत:** अमेरिकन ओपन के विमेंस सिंगल्स में नाओमी ओसाका, इगा स्वियातेक ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। लंबे समय बाद कोर्ट में वापसी कर रहीं ओसाका ने 10वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6- 2 से हराया। उन्होंने चार साल में पहली बार टॉप-10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है।

8 सितंबर को चीन से पहला मैच, श्रीजेस के संन्यास के बाद कृष्ण गोलकीपर

# ओलिंपिक के बाद इंडियन हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खेलेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन में होने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हॉकी इंडिया ने 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। हरमनप्रीत सिंह ही टूर्नामेंट में टीम की कप्तानी करेंगे। इस टीम में पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले 10 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। जबकि 5 खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। यह टूर्नामेंट 8 से 17 सितंबर तक इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर में खेला जाएगा। भारत अपना पहला मुकाबला 8 सितंबर को मेजबान चीन से खेलेगा। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। टीम ने पिछले साल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था। इसलिए भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना खिताब बचाने उतरेगी। भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलिंपिक के बाद संन्यास ले लिया। इसलिए टीम में गोलकीपर की भूमिका के लिए श्रीजेश की जगह कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को चुना गया है।



### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।
**डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जुगराज सिंह, संजय, सुमित।
**मिडफील्डर्स:** राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, विवेक सागर प्रसाद (उप कप्तान), मनप्रीत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन।
**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, अरिजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह।

### पेरिस में ब्रॉन्ज मेडल जीती थी भारतीय टीम

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने हाल ही में खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्पेन को 2-1 से मात दी थी। यह इंडियन टीम का ओलिंपिक में लगातार दूसरा ब्रॉन्ज मेडल था। टोक्यो ओलिंपिक में भी टीम ने जर्मनी को हराकर ब्रॉन्ज जीता था। अब देखना है इंडियन हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में कितना कमाल दिखा पाती है।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : बॉलिंग में अश्विन पहले स्थान पर

# बाबर आजम 9वें स्थान पर फिसले, रोहित, कोहली और जायसवाल टॉप-10 में

**मुंबई. एजेंसी**

आईसीसी की नई टेस्ट रैंकिंग में पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जारी रैंकिंग में स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को 3 पायदान का नुकसान हुआ। बांग्लादेश के साथ जारी 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में बाबर के स्कोर 0 और 22 रन थे। टीम इंडिया के 3 बल्लेबाज टॉप 10 में हैं। रोहित शर्मा उनमें सबसे ऊपर छठे स्थान पर हैं। यशस्वी जायसवाल दो स्थान की छलांग लगाकर 9वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में 62 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे स्थान पर काबिज हैं। तीसरे स्थान पर डेरिल मिचेल हैं। हैरी ब्रूक ने तीन पोजिशन की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर जगह बनाई है। पांचवें स्थान पर स्टीव स्मिथ और छठे स्थान पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं।

### यशस्वी-कोहली टॉप-10 में शामिल



7वें नंबर पर यशस्वी जायसवाल और 8वें नंबर पर विराट कोहली हैं। बाबर आजम 9वें स्थान पर हैं। पिछली 14 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाने की वजह से बाबर को 3 पायदान का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के पहले विकेटकीपर हैं जो आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचे हैं।

### शाहीन अफरीदी 10वें स्थान पर पहुंचे

टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में शाहीन अफरीदी को भी बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तानी पेसर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। शाहीन अब 8वें से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के तीन गेंदबाज टॉप 10 में काबिज हैं। आर अश्विन पहले नंबर पर हैं। जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड संयुक्त रूप से दोनों दूसरे नंबर पर हैं। वहीं रवींद्र जडेजा 7वें नंबर पर हैं।

# पाकिस्तान टीम में बदलाव: अबरार अहमद व कामरान गुलाम की वापसी

**इस्लामाबाद. एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम में कई बदलाव किए हैं। बोर्ड ने जानकारी दी कि टीम में अबरार अहमद और कामरान गुलाम की वापसी हो रही है, जबकि पहले मुकाबले में टीम का हिस्सा रहे शाहीन शाह अफरीदी और आमिर जमाल रिज्वॉइन कर रहे हैं। दरअसल, चयन समिति ने इन सभी प्लेयर्स को 2 मैचों की सीरीज के लिए स्क्वॉड में रखा था, लेकिन अबरार और कामरान को रावलपिंडी में 21 अगस्त से शुरू हुए मुकाबले से पहले ड्रॉप कर दिया गया था। वहीं, शाहीन अफरीदी को बेट के जन्म के कारण और जमाल को फिटनेस के चलते रिलीज किया गया था। हालांकि उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 30 अगस्त से रावलपिंडी के मैदान पर खेला जाएगा। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान 1-0 से पीछे चल रही है। रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट को बांग्लादेश ने 10 विकेट से जीता था। यह बांग्लादेश की पाकिस्तान पर पहली टेस्ट जीत रही। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 10 विकेट से हराया था।

# रुतपर्णा व स्वेतपर्णा की जोड़ी को शिकस्त

**सियोल, एजेंसी।** रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय महिला बैडमिंटन जोड़ी ने कोरिया ओपन के शुरुआती दौर में निराश किया और हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। चीनी ताइपे की हसिह पेई शान और हंग एन त्जू की जोड़ी ने महज 37 मिनट में बैडमिंटन रैंकिंग में 46वें नंबर पर काबिज पांडा बहनों को सीधे गेम में 21-18, 21-5 से मात दी।





## मेट्रो बाजार

# अमरीका में दरें 0.5 फीसदी से ज्यादा घटने पर भारतीय शेयर बाजार में आएगा 'बुल रन'

**मुंबई. एजेंसी**

भारत में विदेशी निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद घरेलू निवेशकों की खरीदारी से शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई के करीब है। सेंसेक्स 81,712 तो निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर है। भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी निवेशक इस साल बिकवाल बने हुए हैं, पर भारतीय डेट मार्केट में विदेशी निवेश निरंतर जारी है और इस साल अब तक एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। इस साल जेपी मॉर्गन बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड के शामिल होने से डेट में विदेशी निवेश बढ़ा है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सितंबर में अमरीका में ब्याज दरों में कटौती शुरू होगी, जिससे भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीद है। एक्सिस सिक्योरिटीज के निशित मास्टर ने कहा, अगर अमरीका में ब्याज दरों में 0.5त्न से अधिक कटौती होती है तो भारतीय बाजार में नया बुल रन देखने को मिलेगा। इक्वानमॉमिक्स रिसर्च के जी चोक्कालिंगम ने कहा, सितंबर में 0.25त्न कटौती की उम्मीद को बाजार मानकर चल रहा है। लेकिन अगर सितंबर के बाद भी कटौती जारी रहती है और यह 0.5त्न से अधिक रहती है तो इससे भारत में विदेशी निवेश बढ़ेगा और बाजार में रैली आएगी।



# ट्राइ के नए नियमों से 1 सितंबर से फोन पर ओटीपी आने में होगी देरी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

दूरसंचार नियामक ट्राइ ने टेलीकॉम कंपनियों को हर हाल में 1 सितंबर से गैर-पंजीकृत यूआरएल, ओटीटी लिंक, एपीके या कॉल-बैक नंबरों से आने वाले संदेशों को ब्लॉक करने के लिए कहा है। जिन वित्तीय संस्थानों और इकाइयों ने अपनी सामग्री को ऑपरेटरों के पास अभी तक पंजीकृत नहीं कराया है, उन्हें इस तरह के संदेश भेजने में परेशानी होगी और उनकी सामग्री ब्लॉक कर दी जाएगी। इससे ओटीपी आने में देरी हो सकती है। हालांकि, अधिकतर बैंकों ने संकेत दिया कि गैर-पंजीकृत यूआरएल, ओटीटी लिंक और एपीके वाले संदेशों को ब्लॉक करने के ट्राइ के आदेश से उन पर असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे आमतौर पर मार्केटिंग सामग्री भेजते ही नहीं हैं। हालांकि, प्रचार संबंधी संदेश भेजने वाले वित्तीय संस्थानों को कामकाज में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इन चुनौतियों में प्रत्येक संचार लिंक को व्हाइटलिस्ट में डालने, दूरसंचार ऑपरेटरों के साथ तालमेल बिठाना शामिल है। अभी दूरसंचार ऑपरेटरों के पास केवल हेडर और टेम्प्लेट को पंजीकृत कराना होता था, संदेश की सामग्री को नहीं। लेकिन 1 सितंबर से दूरसंचार ऑपरेटरों को संदेश की सामग्री की समीक्षा करनी होगी और यह जांचने के बाद कि वे पंजीकृत हैं या नहीं, उसे भेजने की अनुमति देंगे या ब्लॉक करेंगे।



# एयरटेल 75 हजार, जियो ने 1.8 लाख ग्राहक जोड़े

**भोपाल. एजेंसी**

टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया ) की ताजा रिपोर्ट में एक बार फिर से जियो के साथ जून माह में सबसे ज्यादा 1.8 लाख ग्राहक जुड़े हैं। वहीं एयरटेल ने 75 हजार ग्राहक जोड़े। वोडाफोन आइडिया के 70 हजार और बीएसएनएल ने 37 हजार ग्राहक जोड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार मप्र-छग सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 8 करोड़ से ज्यादा मोबाइल ग्राहक है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या4.4करोड़ से अधिक हो चुकी है। जून 2024 में जियो के साथ 1.8 लाख नए ग्राहक जुड़े है। जियो का मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मोबाइल उपभोक्ता में मार्केट शेयर 54.8 फीसदी से अधिक है तो वहीं, ब्राडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में जियो फाइबर का मार्केट शेयर 48.5 प्रतिशत से ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार एयरटेल ने जून में 75 हजार ग्राहक जोड़े। कंपनी के ग्राहक संख्या 1.63 करोड़ है, वहीं वोडाफोन आइडिया के कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 1.53 करोड़ है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'बादशाह' में ट्विंकल खन्ना नहीं थीं निर्माता की पहली पसंद

शाहरुख खान और ट्विंकल खन्ना अभिनित फिल्म बादशाह ने हाल ही में 25 साल पूरे किए हैं। इस फिल्म ने शाहरुख खान के सुपरस्टार बनने के सफर को और आगे तेजी से बढ़ाया, वहीं यह फिल्म ट्विंकल खन्ना की सबसे लोकप्रिय स्क्रीन अपीयरेंस में से एक रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल ही में निर्माता रतन जैन ने खुलासा किया कि फिल्म बादशाह के लिए ट्विंकल खन्ना उनकी पहली पसंद नहीं थीं। साल 1999 में रिलीज हुई फिल्म बादशाह में शाहरुख खान और ट्विंकल खन्ना के अलावा जॉनी लीवर, अमरीश पुरी, राखी गुलजार, प्रेम चोपड़ा, शरत सक्सेना, सचिन खेडेकर, पंकज धीर, दीपशिखा और सौरभ शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई थी। अब इस फिल्म में ट्विंकल खन्ना द्वारा निभाए गए किरदार को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता रतन जैन ने कहा, 卐पहले हमने करिश्मा कपूर पर विचार किया था। उन्हें लगभग फाइनल कर लिया था, लेकिन फिर किसी कारण से वह यह फिल्म नहीं कर पा रही थीं। फिर हमने कुछ और अभिनेत्रियों के बारे में विचार किया। आखिर में हमने फिर ट्विंकल खन्ना को फाइनल किया।



### शाहरुख हमेशा से थे पहली च्वाइस

वहीं जब एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक जोड़ी से शाहरुख खान की भूमिका के लिए अक्षय कुमार पर विचार किए जाने की बात को पूछा गया तो उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं। शाहरुख हमेशा पहली पसंद थे। शाहरुख ने फिल्म में बहुत सारे चेंजेस किए, जो फिल्म के लिए लाभदाक साबित हुए। वो कमाल के एक्टर हैं ! चाहे फिर कॉमेडी हो या सीरियस एक्ट, वो हर एक चीज में बहुत अच्छे हैं। आगे निर्माता ने कहा, फिल्म में कुछ कार्ड ट्रिक्स वास्तव में शाहरुख खान ने खुद किए थे, जो सेट पर एक जादूगर ने उन्हें सिखाए थे। फिल्म में कोई ग्राफिक्स या वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं किया गया था। लोग अभी भी फिल्म देखते हैं और आश्चर्य करते हैं कि उन्होंने यह कैसे किया! बादशाह में शाहरुख खान ने एक जासूस की भूमिका निभाई थी।

# 'वह बहुत दिल से काम करते हैं', अपारशक्ति खुराना ने बांधे अक्षय कुमार की तारीफों के पुल



दंगल और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अपारशक्ति खुराना ने लोगों के दिलों में अलग छाप छोड़ी है। वह इन दिनों स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में वह बिट्टू के किरदार के लिए खूब वाहवाही बटोर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी उनके साथ काम किया है। हाल ही में अपाशक्ति ने एक बातचीत में बॉलीवुड के खिलाड़ी की खुलकर तारीफ की है। फिल्म में अक्षय ने सरकटा वंश के आखिरी जीवित सदस्य की भूमिका निभाई है। हालांकि, उनके किरदार को लेकर अभी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। बातचीत के दौरान अपारशक्ति खुराना ने अक्षय की हंसाने की कला पर बात करते हुए कहा कि कोई भी उनकी कॉमिक टाइमिंग से मेल नहीं खा सकता। उन्होंने अमेरिका में शूटिंग के दौरान अक्षय के साथ बिताए 20 दिनों को याद करते हुए कहा कि वह वह असीम ऊर्जा, अनुशासन और इंडस्ट्री में उनके अब तक सफर से अचंभित हैं। 'स्त्री 2' के सेट पर अक्षय की ऊर्जा और काम के प्रति उनके समर्पण की तारीफ करते हुए अपारशक्ति ने कहा, जब वह एक सीन भी करने आते हैं, तो भी उनमें ऐसी उर्जा होती है जैसे वह पूरी फिल्म का हिस्सा हों। वह बहुत दिल से काम करते हैं। अपारशक्ति ने अक्षय के कैमियो रोल में भी अपनी छाप छोड़ने पर आश्चर्य व्यक्त किया। गौरतलब है कि स्त्री 2 में अक्षय कुमार को विशिष्ट भूमिका में देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे।

# कंगना ने 'ओपेनहाइमर' से की 'इमरजेंसी' की तुलना बोलीं- मेरी फिल्म आपके लिए कई दरवाजे खोलेगी



कंगना रणौत अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी के प्रचार में व्यस्त हैं, जिसमें वह भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व के बारे में बात की और बताया कि क्या हम उन्हें अच्छा या बुरा के रूप में विभाजित कर सकते हैं। इसके अलावा कंगना ने बताया कि उनकी फिल्म की तुलना ओपेनहाइमर से की जा सकती है। अभिनेत्री ने अपने हालिया साक्षात्कार में कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सच्चाई से इतने असहज क्यों हैं। जैसे कि वह हमें स्पष्ट रूप से देख नहीं सकते हैं। कंगना ने आगे कहा, 卐यह मैकबेथ की तरह ही है। मैकबेथ को राजा बनना तय था, और जब वह राजा को मारकर राजा बन जाता है तो खंजर उसका पीछा करता है। उसका विवेक उसका पीछा करता है... इमरजेंसी का विचार यह है कि हममें से सबसे अच्छे लोग भी अभिमान का शिकार बन सकते हैं। बता दें कि ओपेनहाइमर ने 96वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ चित्र और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता सहित सात ऑस्कर जीते। यह फिल्म अमेरिकी भौतिक विज्ञानी जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की कहानी बताती है, जिन्होंने परमाणु बम विकसित करने की दौड़ का नेतृत्व किया था। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर लगभग एक बिलियन डॉलर की कमाई की। इमरजेंसी का निर्देशन कंगना रणौत ने किया है और वही इसमें मुख्य भूमिका भी निभा रही है। यह फिल्म आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें कंगना रणौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में दिखेंगी। फिल्म में दिवंगत सतीश कौशिक, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और अनुपम खेर समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इसे 6 सितंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा।

## राजधानी के शहरी और ग्रामीण इलाकों में दर्जनभर तस्करों पर कसा शिकंजा

# शराब का अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस का एक्शन, बड़ी मात्रा में शराब जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी के शहरी और और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में देशी, कच्ची और विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस शराब का अवैध कारोबार करने वाले सभी तस्करों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।




खजूरी सड़क पुलिस ने बताया कि ग्यारह मील से अंकित ठाकुर पिता जीवन को गिरफ्तार कर उसके पास से 13 बोतल बीयर जब्त की है। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई खजूरी पुलिस ने शिवहरे ढाबे पर की और यहां से अंकित अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके पाास से 5 बीयर समेत 8 क्वार्टर शराब जब्त की। एक अन्य कार्रवाई पुलिस ने ग्यारह मील पर की और शमीम खान पिता मुन्ना खान (48) निवासी खजूरी को गिरफ्तार कर18 क्वार्टर शराब जब्त की। एमपी नगर पुलिस ने जीत गवंशी को गिरफ्तार कर उसके पास 10 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की। सूखीसेवनिया पुलिस ने बालमपुर रोड से रमेश सिसोदिया को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। घाटखेड़ी रोड से सूखी सेवनिया पुलिस ने 18 साल के पूरन निक्कस निवासी टीटी नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से 40 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। बड़ी कार्रवाई सूखी सेवनिया पुलिस ने और की है। पुलिस ने 58 साल के तल्ला कंजर उर्फ तल्या निवासी सूखी सेवनिया से 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की।

### इधर, बैरसिया में आधा दर्जन लोगों पर आबकारी की कार्रवाई

देहात की बैरसिया पुलिस ने आधा दर्जन शराब तस्करों पर कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों में दहशत का माहौल है। बैरसिया पुलिस के अनुसार गांव सुहाया से लाल सिंह नाथ (24) को गिरफ्तार कर उसके पास से 18 क्वार्टर शराब जब्त की। महुआखेड़ा जोड़ से रामनारायण (24) निवासी बैरसिया को गिरफ्तार कर उसके पास से 16 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। क?या चंवर से गणेश ओझा (34) को गिरफ्तार कर 18 क्वार्टर देशी शराब जब्त की गई। गांव ऊंची ललोई से क्रमश- राजू गौर और जगदीश लोधी को गिरफ्तार कर 18-18 देशी क्वार्टर शराब जब्त की। ग्राम डुंगरिया उसमान खान (20) निवासी बैरसिया को गिरफ्तार कर 16 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। ग्राम अरावती से पुलिस ने जय प्रकाश अहिर को गिरफ्तार कर उसके पास 21 क्वार्टर देशी शराब जब्त की।

## छोटी-बड़ी खबरें

### मंदिर के बाहर खड़ी मीडियाकर्मी की बाइक हो गई चोरी, केस दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित कृष्ण प्रणाली मंदिर के बाहर खड़ी मीडियाकर्मी की बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा ली। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह पिता जमुना प्रसाद (37) प्रिय दर्शनी नगर, नर्मदा भवन के पास थाना टीटी नगर में रहते हैं और अखबार में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 26 अगस्त की रात करीब साड़े 11 बजे वह अपनी पत्नी के साथ कृष्ण प्रणाली मंदिर दर्शन करने गए थे। कृष्ण प्रणाली मंदिर के पास 05 नंबर तालाब के किनारे उन्होंने अपनी बाइक लॉक कर खड़ी कर दी। मंदिर से रात करीब साड़े 12 बजे लौटे तो उन्हें अपनी बाइक नहीं मिली। बाइक कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया था।

### एमपी नगर स्थित डीबी मॉल के सामने खड़ी बाइक चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** एमपी नगर स्थित डीबी मॉल के सामने खड़ी बाइक चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक आशीष विद्यार्थी (42) कमला नगर पिपलानी में रहते हैं और डीबी मॉल स्थित एक ज्वैलर्स की शॉप पर काम करते हैं। गत दिवस उन्होंने अपनी बाइक डीबी मॉल के सामने पार्किंग में खड़ी की और शॉप पर चले गए। रात को बाहर निकले तो बाइक चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार विश्वकर्मा नगर बागसेवनिया में रहने वाले नरेंद्र साहू (39) एल्यूमिनियम की खिड़की बनाने का काम करते हैं। उन्होंने अपने घर के बाहर मोटर सायकिल खड़ी की थी। अगले दिन सुबह देखा को बाइक गायब थी। इधर हबीबगंज थानांतर्गत पांच नंबर स्थित तालाब के किनारे खड़ी जसवंत सिंह और तलैया थानांतर्गत घाटी भड़भूजा के पास से फराज अहमद की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ पीकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित प्रशासन अकादमी परिसर में बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें उल्टियां करने पर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में एक दिन चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस के अनुसार ध्रुव कुमार दुबे (62) प्रशासन अकादमी परिसर में रहते थे और शासकीय विभाग में नौकरी करते थे। मंगलवार दोपहर उन्होंने जहर खा लिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां बुधवार शाम उनकी मौत हो गई।

### शिविर में 500 पुलिसकर्मियों ने कराया हेल्थ चेकअप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पुलिस लाइन नेहरू नगर स्थित सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित हेल्थ चेकअप शिविर में 500 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने निःशुल्क अपना हेल्थ चेकअप कराया। जानकारी के अनुसार सोडानी डायग्नोस्टिक क्लिनिक द्वारा बुधवार को सामुदायिक भवन परिसर में हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भोपाल शहर के सभी थानों, कंट्रोल रूम, यातायात, क्राइम ब्रांच, डीआरपी लाइन, आयुक्त कार्यालय समेत विभिन्न शाखाओं में पदस्थ करीब पांच सौ अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना हेल्थ चेकअप कराया। इसमें आरक्षक से लेकर डीसीपी स्तर तक के अधिकारी शामिल रहे। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने सामुदायिक भवन का भ्रमण किया और हेल्थ चेकअप करवा रहे पुलिसकर्मियों तथा मेडिकल टीम से चर्चा की। उन्होंने सोडानी डायग्नोस्टिक क्लीनिक और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

## चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित एक्सीलेंस कॉलेज की घटना

# चार्टेड अकाउंटेंट की कार को मारी टक्कर, पुलिस ने दर्ज किया केस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित एक्सीलेंस कॉलेज के पास आई 20 कार के चालक ने चार्टेड अकांटेंट की कार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चार्टेड अकाउंटेंट ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने गालीगलौज करते हुए दोबारा कार साइड में टक्कर मार दी। पुलिस ने चार्टेड अकाउंटेंट की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कार के नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार संभव सेठी पिता कपिल कुमार सेठी (35) कोलार रोड इलाके में रहते हैं और चार्टेड अकांउटेंट हैं। गत 24 अगस्त को की रात करीब 9 बजे वह पत्नी और मां के साथ 10 नंबर मार्केट गए थे। उन्हें गर्भवती पत्नी की डॉक्टर से जांच करानी थी। डॉक्टर से चेकअप कराने बाद वे कार से घर लौट रहे थे। उनकी कार के सामने एक आई 20 कार चल रही थी। कार चालक बीच सड़क पर कार चला रहा था। अपर-डिपर देने व हार्न बजाने पर भी सही से साइड नहीं दे रहा था। थोड़ा सा आगे चलने के बाद जगह मिली और संभव ने अपनी कार आगे बढ़ा ली। कलियासोत डैम हनुमान मंदिर और एक्सीलेंस कालेज के बीच पहुंचने पर आई 20 कार के चालक ने अपनी कार को काफी तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी है। टक्कर लगने से कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि अंदर बेटी मां और गर्भवती पत्नी को झटके लगे हैं। उन्होंने कार चालक को समझाने का प्रयास किया तो भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। धक्का मुक्की करते हुए अपनी कार में बैठा और उनकी कार के दाहिने हिस्से को रगड़ते हुए निकल गया। उस समय रात अधिक होने के कारण चार्टेड अकाउंटेंट थाने में शिकायत नहीं कर सके। समय मिलने पर पर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### मंत्रालय के बाबू की बाइक को कार ने मारी टक्कर

इधर, बागसेवनिया चौराहा के पास केपिटल पेट्रांल पंप के पास मंत्रालय के बाबू की बाइक को कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजेन्द्र सिंह लोधी पिता तीरथ सिंह लोधी (28) ए-1, सुरेन्द्र विहार में रहते हैं और मंत्रालय में बाबू हैं। मंगलवार सुबह वह अपनी बाइक से सुबह बागसेवनिया चौराहा होते हुए मंत्रालय जा रहे थे। करीब सवा 10 बजे के आसपास वह बागसेवनिया थाना चौराहा पर पहुंचे थे, तभी बागसेवनिया चौराहा से आगे कैपिटल पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, तभी एक बलेनो कार चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक समेत डिवाइडर पर गिरने से बच गए। उन्होंने कार चालक का विरोध किया तो वह धमकी देते हुए फरार हो गया।

# बड़ी बहन के घर आई छोटी बहन ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



रातीबढ़ थाना क्षेत्र स्थित हरि नगर नीलबड़ में एक युवती ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह एक दिन पहले मंगलवार को बड़ी बहन के घर आई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार प्रेरणा अहिरवार पिता विनोद अहिरवार (20) मूलतः फरेरा कॉलोनी, सीहोर की रहने वाली थी। वह देवास में प्राइवेट जॉब करती थी। उसके भाई का बाइक से एक्सीडेंट हो गया था और उसी काम से वह कोतवाली थाना सीहोर आई हुई थी। वहां से मंगलवार को अपनी बड़ी बहन कामना अहिरवार के घर पहुंची। कामना अहिरवार यहां हरि नगर नीलबड़ में रहती है और कपड़े की दुकान का संचालन करती है। कामना बुधवार दोपहर दुकान पर थी। इस दौरान घर पर प्रेरणा ने फांसी लगा ली। परिजन ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### खेल दिवस पर दिए मेडल व ट्रॉफी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल दिवस पर ऐशबाग स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी वितरण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आनंद अग्रवाल, जोन अध्यक्ष विमलेश ठाकुर एवं खेल के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 वारदात कर 50 लाख का सामान चुराने वाली गैंग गिरतार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा पुलिस ने अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियों के कब्जे से 15 वारदातों का 50 लाख रुपए कीमत का सामान जब्त किया है। इसमें 34 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने व तीन पहिया वाहन, अचल संपत्ति के दस्तावेज, दो देसी कट्टे, 7 जिंदा कारतूस और घरों, दुकानों के ताले तोड़ने में उपयोग में लाए गए सामान के साथ ही इथोपिया देश की करेंसी शामिल हैं। आरोपी फायर आर्स के साथ घटना को अंजाम देकर खुद के ऑटो से फरार हो जाते थे। पुलिस ने मुय आरोपी नसीर खान 30 साल महोबा उप्र और और अफरोज 36 साल ईंटखेड़ी को गिरतार किया है। पुलिस फरार आरोपी अलीम खान ललितपुर उत्तर प्रदेश की तलाश कर रही है।

## मेट्रो एंकर — राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं

# आईफोन समेत लाखों के मोबाइल चोरी आधा दर्जन यात्रियों का सामान चुराया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक आईफोन समेत आधा दर्जन यात्रियों के लाखों रुपये कीमत के मोबाइल फोन और पर्स चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी घनश्याम रजक अमरकंटक एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से गाडरवारा की यात्रा कर रहे थे। सीट पर बैठने के बाद उन्होंने अपने बेटे को फोन लगाने के लिए जेब में हाथ डाला तो पता चला कि आईफोन चोरी हो चुका है। चोरी गए आईफोन की कीमत 53 हजार पांच सौ रुपये बताई गई है। इसी प्रकार इंदौर भोपाल एक्सप्रेस में सफर के दौरान पीयूष जैन की जेब से 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी हो गया। भोपाल निवासी अमित कुलपाडिय़ा डॉ। अंबेडकर नगर एक्सप्रेस में इलाहाबाद से संत हिरदाराम नगर की यात्रा कर रहे थे। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद पता चला कि पैंट की जेब में रखा उनका 26 हजार रुपये कीमत का मोबाइल



गायब था। इसी प्रकार सागर में रहने वाले बहादुर यादव भोपाल से बीना जाने के लिए प्लेटफार्म क्रमांक-3 पर मेमो ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच किसी ने पैंट की जेब में रखा उनका मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है।

**यात्री का पिट्ठू बैग ले उड़े बदमाश**

उत्तर प्रदेश के मेरठ में रहने वाले मोहम्मद मेहताब अंसारी यशवंतपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर यशवंतपुर से भोपाल आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना पिट्ठू बैग सामने हुक अपना पिट्ठू बैग टांग दिया और सीट पर सो गए। भोपाल पहुंचने से दस मिनट पहले नींद खुली तो बैग गायब था। बैग के अंदर 27 हजार रुपये नकद, 10 हजार रुपए कीमत का एक मोबाइल फोन, पत्नी-बच्चों के कपड़े समेत अन्य सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार खंडवा निवासी प्रवींद्र सालवे की जेब से किसी ने पर्स चोरी कर लिया। घटना के समय वह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर कुशी नगर एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। चोरी गए पर्स में 6500 रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। महिला का पौने दो लाख का माल चोरी तेलंगाना एक्सप्रेस के एसी कोच में आगरा से सिकंदराबाद का सफर कर रही महिला गंगुता भरतद्वाज के सिरहाने रखा लेडीज पर्स चोरी चला गया। महिला अपना पर्स सिर के नीचे रखकर सो गई थी। रेलवे स्टेशन बीना के पास नींद खुली तो पर्स गायब था। पर्स के अंदर 25 हजार और 17 हजार रुपए कीमत के 2 मोबाइल फोन, 1 लाख बीस हजार रुपए कीमत का सोने की मंगलसूत्र समेत अन्य सामान रखा हुआ था। महिला ने इसकी सूचना मुख्य टिकट परीक्षक को दी थी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज हुई। भोपाल जीआरपी ने केस दर्ज कर डायरी बीना जीआरपी को भेज दी है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022